

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-302 सीहोर, शनिवार 25 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने को लेकर अटकलें तेज, दिखने लगे सियासी संकेत



बेंगलुरु(ए.)। कर्नाटक राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद कथित तौर पर तय हुआ था कि ढाई साल में सीएम बदले जाएंगे। फिलहाल, इस दौड़ में सबसे आगे उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार नजर आ रहे हैं। हालांकि, कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर इसे लेकर कुछ नहीं कहा है, लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के ताजा बयानों से ऐसे संकेत मिल रहे हैं। बीते रोज सिद्धारमैया के बयानों से पहली बार संकेत मिले हैं कि उनके और डिप्टी सीएम शिवकुमार के बीच बातचीत हो गई है। उन्होंने कहा कि अंत में आलाकमान को ही हर बात पर फैसला लेना है। पत्रकारों ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सवाल किया था, जिसका उत्तर सिद्धारमैया ने दे रहे थे।वहीं शिवकुमार ने जैन आध्यात्मिक गुरु गुणाधर नंदी महाराज से मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद मिलने के बाद बुधवार को पार्टी के प्रति अपनी वफादारी दोहराई और शीर्ष पद के लिए किसी भी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को खारिज कर दिया। जैन गुरु के आशीर्वाद के बाद राज्य में कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें फिर से तेज हो गई हैं।शिवकुमार ने हुबली हवाई अड्डे पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, आध्यात्मिक नेता अपनी इच्छानुसार आशीर्वाद देने के लिए स्वतंत्र हैं, और हम इसका सम्मान करते हैं। हालांकि, पार्टी के फैसले सर्वोच्च हैं, और हम उनका पालन करेंगे। शिवकुमार ने हाल ही में कहा कि वह अपना कर्तव्य करेंगे। साथ ही कहा कि नेतृत्व को लेकर फैसला पार्टी करेगी। हालांकि, रेस में कई और नेता भी दावेदारी पेश करते नजर आ रहे हैं।साल 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ी जीत दर्ज की थी। तब कहा जा रहा था कि शिवकुमार सीएम पद के लिए जोर दे रहे हैं। ऐसे में पार्टी को हस्तक्षेप करना पड़ा और कथित तौर पर 30 महीनों का एक समझौता तैयार हुआ। अब सिद्धारमैया को पद पर रहते हुए 30 महीने पूरे होने जा रहे हैं।

### घर में सरस्वती-लक्ष्मी पूजा और फिर ये सब', सुप्रीमकोर्ट ने क्यों शख्स को लगाई कड़ी फटकार

नई दिल्ली/रांची ,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के केस में सजायाफ्ता झारखंड के हजारीबाग निवासी योगेश्वर साव नामक एक शख्स की याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को तल्ख टिप्पणी की। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने पत्नी को प्रताड़ित करने और बेटियों की उपेक्षा करने पर शख्स को कड़ी फटकार लगाई।कोर्ट ने टिप्पणी की, आप किस तरह के आदमी हैं, जो अपनी बेटियों की भी परवाह नहीं करते ? हम ऐसे निर्दयी व्यक्ति को अपनी अदालत में कैसे आने दे सकते हैं। सारा दिन घर पर कभी सरस्वती पूजा और कभी लक्ष्मी पूजाज् और फिर ये सब। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अपीलकर्ता अपनी बेटियों को कृषि भूमि हस्तांतरित करने के लिए सहमत होता है, तभी उसे राहत देने का कोई आदेश पारित किया जाएगा। कटकमदाग गांव के निवासी योगेश्वर साव उर्फ डब्लू साव को अपनी पत्नी पूनम देवी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में हजारीबाग जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने धारा 498-ए के तहत 2015 में ढाई साल की सजा सुनाई थी। अदालत ने उन्हें 50,000 रुपए के दहेज की मांग को लेकर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने का दोषी पाया था।

## महाराष्ट्र के भंडारा में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में धमाका, 05 की मौत

मुंबई, (ए.)। महाराष्ट्र के भंडारा में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़े धमाके की खबर है। इस विस्फोट करीब 5 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि अनेक लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के आरके ब्रांच सेक्शन में ब्लास्ट हुआ है, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। महाराष्ट्र के भंडारा में स्थित एक ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में शुक्रवार को बड़े विस्फोट की खबर मिल रही है। फैक्ट्री में हुए इस बड़े हादसे में 5 कर्मचारियों की जहां मौत हो गई वहीं, अनेक अन्य कर्मचारियों के घायल होने की सूचना है। यह विस्फोट फैक्ट्री के आरके ब्रांच सेक्शन में होना बताया जा रहा है। फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट और आसमान में काला गुबार की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा और गादी पूजन कर नमन किया।

## अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश दिल्ली पुलिस भी इसमें शामिल : आतिशी

नई दिल्ली (ए)। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रची जा रही है और इसमें भाजपा के साथ दिल्ली पुलिस भी शामिल है। वहीं, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवतं मान ने भी कहा है कि केजरीवाल के खिलाफ हमले का अलर्ट है और दिल्ली पुलिस पर उन्हें भरोसा नहीं है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि केजरीवाल को फिर से पंजाब पुलिस की सुरक्षा दी जाए। आतिशी मार्लेना ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, दिल्ली में एक बहुत बड़ी साजिश रची जा रही है।

## एमपी के 17 धार्मिक स्थलों में शराब की बिक्री पर बैन, सीएम यादव का बड़ा ऐलान

इंदौर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में जल्द 17 धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लग जाएगा। इसकी घोषणा गुरुवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने की। सीएम ने राज्य के नरसिंहपुर जिले में एक समारोह के दौरान कहा,




'शराब के सेवन के दुष्प्रभावों से हर कोई वाकिफ है। हम नहीं चाहते कि हमारे युवा बिगड़ें, क्योंकि वे देश का भविष्य हैं। मध्य प्रदेश सरकार 17 धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाएगी। उन्होंने कहा, 'मध्य प्रदेश में जहां भी भगवान कृष्ण और भगवान राम ने अपने कदम रखे हैं, वहां शराब पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।'मुख्यमंत्री ने पिछले साल कहा था कि राज्य सरकार मध्य प्रदेश में भगवान राम और भगवान कृष्ण से जुड़े स्थानों को तीर्थस्थल के रूप में विकसित करेगी।' हालांकि अधिकारियों ने फिलहाल प्रस्तावित 17 शराब-मुक्त स्थानों के नाम नहीं बताए, न ही प्रतिबंध लागू होने की तारीख बताई है। इस मामले पर मंत्रिमंडल की बैठक शुक्रवार को मंदिर नगर महेश्वर में होगी।सूत्रों ने टीओआई को बताया कि शराब प्रतिबंध उज्जैन, ओरछा, सलकनपुर, चित्रकूट, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मैहर, अमरकंटक और मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर क्षेत्र में लागू किया जा सकता है। जहां उज्जैन और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग स्थल हैं। वहीं मैहर एक शक्तिपीठ है। ओरछा में राजा राम मंदिर है, जहां भगवान राम की पूजा राजा के रूप में की जाती है। महेश्वर देश के सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है और अमरकंटक वह स्थान है जहां से नर्मदा नदी का उद्गम होता है।

## एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी महाकुंभ में महामंडलेश्वर बनीं



**-संगम तट पर पिंडदान किया, अब ममता नंद गिरि कहलाएंगी; किन्नर अखाड़े ने पदवी दी**

प्रयागराज (ए)। बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर बन गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रयागराज में संगम तट पर पिंडदान किया। अब वह ममता नंद गिरि कहलाएंगी। उनका सिर्फ पट्टाभिषेक रह गया है।ममता शुक्रवार सुबह ही महाकुंभ में किन्नर अखाड़ा पहुंची थीं। उन्होंने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक महामंडलेश्वर बनने को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद किन्नर अखाड़ा ने उन्हें महामंडलेश्वर की पदवी देने का ऐलान किया। इसके बाद महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ममता को लेकर अखिल भारतीय अखाड़े के अध्यक्ष रविंद्र पुरी के पास पहुंचीं। ममता और पुरी के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। इस दौरान किन्नर अखाड़े के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। फिर उनके महामंडलेश्वर बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक से संजय- युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

## 26 जनवरी से दिल्ली के चुनावी रण में उतर सकती हैं प्रियंका

### उत्तर-पूर्वी दिल्ली में अपनी पहली रैली को करेंगी संबोधित



नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा 26 जनवरी से दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत कर सकती हैं। कांग्रेस के अभियान प्रबंधन से जुड़े वरिष्ठ नेता ने उम्मीद जाहिर की कि प्रियंका गांधी वाड्रा 26 जनवरी की शाम को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में अपनी पहली रैली को संबोधित कर सकती हैं। सभी कांग्रेस उम्मीदवारों ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) से अनुरोध किया है कि प्रियंका उनकी सीट पर प्रचार करें। हालांकि, प्रियंका गांधी वाड्रा केवल महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगी। कांग्रेस ने चुनाव से पहले लोगों से पांच वादे किए हैं, इसमें प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह, दिल्ली के सभी निवासियों के लिए 25 लाख रुपये का आजीवन स्वास्थ्य बीमा, शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल के लिए अपने रोजगार कौशल विकसित करने के लिए 8,500 रुपये प्रति माह वजीफा, 500 रुपये में सब्सिडी वाली रसोई गैस, मुफ्त राशन किट और 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा शामिल हैं। 2015 और 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में शून्य सीटें पाने के बाद पार्टी दिल्ली में वापसी के लिए एड़ीचोटी का जोर लगा रही है, क्योंकि पिछले दो चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी।

वहीं, गुरुवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद में अपनी रैली रद्द कर दी, इससे चुनाव प्रचार में उनकी उपलब्धता को लेकर संशय बरकरार है। राहुल गांधी हाल ही में अस्वस्थ होने के कारण कुछ कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो सके थे, जिसमें दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में उनका प्रस्तावित कार्यक्रम भी शामिल था।

## नीट परीक्षा में असफलता के कारण परेशान युवक ने किया सुसाइड का प्रयास, सिविल डिफेंस टीम ने बचाई जान

जयपुर ,(आरएनएस)। जयपुर के आमेर मावठा क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक युवक ने नीट परीक्षा में असफलता के कारण अवसाद में आकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक ने आमेर मावठा स्थित जलाशय में कूदकर अपनी जान देने की कोशिश की। लेकिन समय रहते सिविल डिफेंस टीम के सदस्य मौके पर पहुंचे और युवक को पानी से बाहर निकाल उसकी जान बचाई। आमेर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, युवक (22) नाटाटा का निवासी था और पिछले कुछ महीनों से नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह डॉक्टर बनना चाहता था, लेकिन नीट परीक्षा में असफलता ने उसे मानसिक तनाव में डाल दिया था। युवक का सपना आर्मी में जाने का था, लेकिन उसके परिजनों का दबाव था कि वह डॉक्टर बने, जिससे वह अधिक तनाव में आ गया। शुक्रवार दोपहर लगभग 1:30 बजे युवक आमेर मावठा के पास पहुंचा, जहां उसने कुछ समय तक इधर-उधर देखा और फिर अचानक पानी में छलांग लगा दी।





## आम लोगों को झटका : बस में सफर करना हुआ महंगा, ऑटो-टैक्सी का किराया भी बढ़ा

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार ने आम जनता को बड़ा झटका देते हुए सार्वजनिक परिवहन के किराए में भारी वृद्धि की है। इस फैसले के तहत बस, ऑटो-रिक्शा और टैक्सी तीनों के किराए बढ़ा दिए गए हैं, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। राज्य सरकार ने आज से ही राज्य परिवहन की बसों का बढ़ा हुआ किराया लागू कर दिया है।

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के अनुसार, बसों के किराए में 15त्न की वृद्धि को मंजूरी दे दी गई है, जो आज मध्यरात्रि से लागू हो गई है। MSRTC का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से चुनावों के कारण किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई थी, इसलिए अब तीन वर्षों के लिए प्रति वर्ष 5त्न की दर से कुल 15त्न की वृद्धि की गई है। इस किराया वृद्धि के चलते राज्य में बस से यात्रा करना 60 से 80 रुपये तक महंगा हो जाएगा। MSRTC के बेड़े में 15 हजार बसें हैं, जो भारत में बसों का सबसे बड़ा बेड़ा है।

सिर्फ बसें ही नहीं, बल्कि मुंबई में ऑटो-रिक्शा और टैक्सी के किराए में भी बढ़ोतरी की गई है। अब टैक्सी का किराया 4 रुपये प्रति किलोमीटर और ऑटो-रिक्शा का किराया 3 रुपये प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा। इस वृद्धि के बाद टैक्सी का न्यूनतम किराया 28 रुपये से बढ़कर 32 रुपये और ऑटो-रिक्शा का न्यूनतम किराया 23 रुपये से बढ़कर 26 रुपये हो जाएगा।

## उत्तर प्रदेश अगले 4 वर्षों में 'वन ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था बनेगा : सीएम योगी



लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को समर्पित उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य शुभारंभ लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में हुआ। 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल की लॉन्चिंग की गई और 25,000 युवा उद्यमियों को उनके उद्यम की स्थापना के लिए ऋण और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वहीं, छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की समृद्धि और गौरव का उत्सव है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यूपी में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। बीते 10 दिनों में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पूज्य संतों के सानिध्य में गंगा स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। महाकुंभ से श्रद्धालु देशभर में एकता का संदेश लेकर जा रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित संविधान 26 नवंबर 1950 को संविधान सभा को सौंपा गया था। इस संविधान को लागू करने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। साथ ही 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई थी। यह दिन हमारे लिए गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित करते हुए कहा कि 1775 से 1833 तक यह क्षेत्र फोर्ट विलियम (बंगाल) के अधीन था। 1834 में इसे बंगाल से अलग कर आगरा प्रेसिडेंसी बनाया गया और 1836 में इसका नाम नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज पड़ा। 1902 में इसे नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध और 1937 में यूनाइटेड प्रोविंसेज नाम दिया गया।

## विभव कुमार को बचाने की कोशिश कर रहे केजरीवाल, हमारी लड़ाई जारी रहेगी : स्वाति मालीवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा कि वो विभव कुमार जैसे गुंडे को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

स्वाति मालीवाल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मैंने सुना है कि अरविंद केजरीवाल के ड्राइंग रूम में मुझे घसीटने और बेरहमी से पिटाई करने वाले विभव कुमार को पंजाब सरकार ने जेड-प्लस सुरक्षा दी है। मैं मानती हूं अरविंद केजरीवाल ने ही मुझे पिटवाया, अगर ऐसा नहीं होता, तो वह विभव कुमार को बचाते नहीं।मालीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल डर है कि अगर विभव कुमार ने अपना मुंह खोल दिया और बता दिया कि अरविंद केजरीवाल ने उसे मेरी पिटाई करने के लिए कहा था, तो उनका कच्चा चिट्ठा खुल जाएगा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने विभव कुमार को बचाने के लिए देश के शीर्ष और सबसे महंगे वकीलों की एक टीम इकट्ठा की है।मालीवाल ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि विभव कुमार एक गुंडा है, इसके बावजूद अरविंद केजरीवाल के दबाव में पंजाब सरकार के सीएम के चीफ एडवाइजर के विभव कुमार की नियुक्ति हुई।





# मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले लागू की है ई-समन व्यवस्था : मुख्यमंत्री डॉ.यादव



**-न्यायालयीन प्रक्रिया में बंदी जेल से ही होंगे शामिल और चिकित्सक अस्पताल से दर्ज करायेंगे बयान**

**-डॉ. बी.आर. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा**

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन माँ नर्मदा के किनारे होल्कर शासकों की राजधानी रहे महेश्वर में किया गया। देवी अहिल्या माता हों या रानी दुर्गावती, दोनों ने ही विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष के साथ सुशासन स्थापित करते हुए नारी सशक्तिकरण के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन के अनुसार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण के चार स्तंभों पर आधारित व्यवस्था के अंतर्गत मंत्रि-परिषद की बैठक में महिला नीति संबंधित विषय पर महत्वपूर्ण निर्णय प्रस्तावित हैं। शराब, सामाजिक बुराई है, इससे पारिवारिक स्तर पर समस्याएं होने के साथ ही समाज में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होते हैं, पारिवारिक और सामाजिक हित में 19 धार्मिक नगरों और ग्राम पंचायतों में शराबबंदी के संबंध में निर्णय लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रख्यात विधि विशेषज्ञ थे। उनकी जन्म स्थली महू में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में भी विकसित किया जाएगा। विश्वविद्यालय में विधि संकाय स्थापित करने के उद्देश्य से आधारभूत संरचनाओं के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि भोपाल में दिनांक 23 जनवरी को लोकार्पित सेतु का नामकरण डॉ. अंबेडकर पर किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले ई-समन व्यवस्था लागू की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के संबंध में नई दिल्ली में ली गई बैठक में नए कानूनों के क्रियान्वयन की दृष्टि से मध्यप्रदेश की अग्रणी व आदर्श राज्य के रूप में सराहना हुई। इस व्यवस्था से पुलिस बल के समय और संसाधनों की बचत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बंदी जेल में विद्यमान क्यूबिक से ही न्यायालयीन प्रक्रिया में शामिल होंगे। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि उन्हें न्यायालय न जाना पड़े। इसी प्रकार चिकित्सकों द्वारा अस्पताल से ही बयान दर्ज कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इन नवाचारों से पुलिस बल को कई प्रक्रियागत कार्यों में सुविधा मिलेगी और पुलिस के लगभग 30त्न कार्य व समय की बचत होगी। राज्य सरकार समय-सीमा में प्राथमिकता से इसे लागू करने के लिये प्रतिमाह बैठक कर प्रगति की समीक्षा करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में 24-25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ पुणे में गत दिवस हुए इंटरैक्टिव सेशन के संबंध में भी जानकारी दी।

## भोपाल सहित पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक 94 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित

भोपाल (ए.)। केन्द्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का काम त्वरित गति से शुरू कर दिया गया है। जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां समय पर बिलिंग और रीडिंग निर्धारित समय पर हो रही है। उससे सभी उपभोक्ता संतुष्ट हैं। कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग के 16 जिलों में अब तक 94 हजार 444 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं, सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं। कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त स्वीकृति प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

## राजभवन का अवलोकन शनिवार को 2 बजे से और रविवार को 11 बजे से

भोपाल (निप्र) राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार 24 से राजभवन 27 जनवरी 2025 तक खोला जा रहा है। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आगंतुकों के लिए संविधान की थीम पर आधारित प्रदर्शनी और ओपन थिएटर विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। ओपन थिएटर में अमर शहीदों की गौरव गाथा और विकास पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस संबंध में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता ने बताया कि नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक निर्धारित अवधि में राजभवन का अवलोकन कर सकेंगे। राजभवन 25 और 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। इसी प्रकार 26 जनवरी, 2025 गणतंत्र दिवस को प्रातः 11 बजे से दोपहर





2 बजे तक राजभवन भ्रमण की अनुमति रहेगी। तीन दिनों की अवधि में राजभवन में प्रवेश और निकास गेट नंबर- 2 से ही होगा। आगंतुकों की वाहन पार्किंग मिंटो हॉल परिसर में की जा सकेगी।

संविधान सभा में प्रदेश के योगदान पर केन्द्रित होगी वीथिका

राजभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान में आर्ट एन्ड कैलीग्राफी पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। इस अवसर पर संविधान निर्माण सभा के प्रमुख व्यक्तित्व और संविधान सभा में मध्यप्रदेश की हस्तियों पर केन्द्रित वीथिका भी है। आगंतुक, संदीपनि सभागार स्थित उपहार गैलरी, आर्टिफिशियल वाइल्ड-लाइफ पर आधारित पंचतंत्र उद्यान, सुन्दर-सुसज्जित लॉन, विभिन्न प्रजातियों के मनमोहक फूल-पेड़-पौधों का अवलोकन कर सकेंगे। इसी प्रकार 1796 ई. की तोप और 1887 ई. में बने सुन्दर बैंक्वेट हॉल का वास्तुशिल्प भी ऐतिहासिक और विशेष दर्शनीय है। आगंतुक 27 जनवरी को राजभवन भ्रमण के दौरान लाल परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्राप्त विभागीय झांकियों का भी अवलोकन कर सकेंगे।

## मप्र में गंभीर अपराधों के 72 प्रतिशत से अधिक मामलों में बच निकलते हैं आरोपित

भोपाल(आरएनएस)। दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर अपराधों में भी बेटियों और महिलाओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि लगभग 75 प्रतिशत मामलों में आरोपित बच सकते हैं। इसके पीछे बड़ी वजही यह है कि दबाव में पीड़िताएं अपना बयान बदल लेती हैं। इसके अतिरिक्त साक्ष्य संकलन की कमजोरियां ओर विवेचना में देरी के चलते भी पीड़िताओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है। गृह विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2003 में गंभीर महिला अपराधों के संबंध में 7048 मामलों पर जिला एवं सत्र न्यायालयों में निर्णय हुआ। इनमें 5571 में आरोपित बरी हो गए। मात्र 1477 मामलों में ही सजा हो पाई। इसी तरह कुल 21 प्रतिशत मामलों में ही सजा हुई है।

## रुक जाना नहीं (परीक्षा दिसंबर 2024) का परीक्षा परिणाम घोषित





भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के वर्ष-2024 के द्वितीय सत्र की परीक्षाएँ दिनांक 18 दिसंबर 2024 से दिनांक 06 जनवरी 2024 तक आयोजित हुईं। कक्षा 10 एवं 12 की रुक जाना नहीं योजना की परीक्षा में कुल 81749 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। दिनांक 24 जनवरी 2025 को च्रुक जाना नहींज्ज् योजना की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 10 में 21052 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 52.71 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 में 23187 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा परीक्षा परिणाम 55.45 प्रतिशत रहा। 41 प्रतिशत परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 में 40.16 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी तथा कक्षा 12 में 41.00 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

## महिला रिसेप्शनिस्ट के साथ हुई घटना महिला एवं केयर टेकर का निजी मामला,निगम के रैन बसेरा कार्य से कोई संबंध नहीं

भोपाल (आरएनएस)। रैन बसेरा के केयर टेकर और महिला रिसेप्शनिस्ट के संबंध में छपी खबर का निगम के रैन बसेरे से कोई संबंध नहीं है। उक्त प्रकरण संज्ञान में आने पर निगम प्रशासन ने नेहरू नगर रैन बसेरे के 29 दिवसीय कर्मचारी को तत्काल सेवा से पृथक कर दिया है। उक्त घटना केयर टेकर व रिसेप्शनिस्ट का निजी मामला है और इसका निगम के रैन बसेरे के कार्य से कोई संबंध नहीं है। निगम प्रशासन ने बुधवार को राजधानी के समाचार पत्रों में रैन बसेरे के केयर टेकर एवं कांस्ट्रक्शन कंपनी की रिसेप्शनिस्ट की घटना संबंधी समाचार प्रकाशित होने पर निगम प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नेहरू नगर रैन बसेरे में 29 दिवसीय कर्मचारी के रूप में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हिमांशु मैना को तत्काल सेवा से पृथक कर दिया है। उक्त घटना हिमांशु एवं रिसेप्शनिस्ट का निजी मामला है ।

## बदमाश ने युवक के दरवाजे पर पेट्रोल डालकर लगा दी आग

**- फरियादी ने झगड़ा होने पर किया था बीच बचाव, गाड़ी भी आई आग की चपेट में**



भोपाल(ए)। राजधानी के अशोका गार्डन थाना इलाके में बैखौफ बदमाशों ने एक युवक के घर पर जाकर घर के दरजवो पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग की चपेट में आने से दरवाजे के पास खड़ा दो पहिया वाहन भी जल गया। मिली जानकारी केअनुसार कुछ दिन पहले आदतन बदमाश रवि पेंटर का पुष्पा नगर में किसी से झगड़ा हो गया था। उस समय मौके पर मौजूद फरियादि आकाश ने समझाइश देते हुए बीच-बचाव करवा दिया। इस बात को लेकररवि उससे रजिंश रखे हुए था। आरोप है कि इसी बात को लेकर बीती देर रात बदमाश रवि पेंटर अपने एक अन्य साथी के साथ आकाश के घर जा धमका। आरोपी ने घर के बाहर खड़े होकर धमकी दी इसके बाद अपने पास रखी बॉटल निकालकर उसमें भरा पैट्रोल दरवाजे पर डाल कर आग लगा दी। दरवाजा आग की चपेट में आ गया साथ ही बाहर खड़ा फरियादी का दो पहिया वाहन भी आग की चपेट में आकर जल गया। बदमाश की करतूत घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसके फुटेज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी वायरल हो रहे है। फरियादी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा (नियमित /स्वाध्यायी) वर्ष 2025 का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम

भोपाल (ए.)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा (नियमित/स्वाध्यायी) वर्ष 2025 का परीक्षा कार्यक्रम पूर्व में प्रसारित किया गया था। पूर्व में प्रसारित हाईस्कूल परीशा कार्यक्रम में दिनांक 19 मार्च 2025 को आयोजित विज्ञान विषय की परीक्षा दिनांक 21 मार्च 2025 दिन शुक्रवार, को आयोजित की जाएगी। हायर सेकण्डरी परीक्षा की दिनांक 19 मार्च 2025 दिन बुधवार, को आयोजित NSQF (National Skills Qualifications Frame Work) के समर्त विषय एवं शारीरिक शिक्षा की परीक्षा दिनंक 21 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर देखे जा सकते है। संस्था प्राचार्य संशोधित परीक्षा कार्यक्रम से छात्रों को अवगत करायें। शेष परीक्षा कार्यक्रम यथावत रहेगा।

## 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गयी





भोपाल (ए.)। अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी। शपथ में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गयी। इस अवसर पर सचिव अनिल सुचारी सहित मंत्रालय एवं सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## विजिलेंस चैकिंग के देयकों का भुगतान ऑनलाइन करने की सुविधा प्रारंभ

भोपाल (ए.)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विलिलेंस देयकों के लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू कर दी गई है। कंपनी ने बताया कि पूर्व में सतर्कता एवं अन्य जांच दलों द्वारा जांच उपरांत किसी व्यक्ति अथवा उपभोक्ता को जारी किए गए देयकों का भुगतान करने वितरण केन्द्र अथवा जोन कार्यालय पर जाकर पीओस मशीन से या फिर वितरण केन्द्र के कैश काउंटर पर जमा करना होता था। अब उन्हें कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है, कंपनी ने अब इसके लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा कंपनी के पोर्टल पर उपलब्ध करा दी है। अब शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए कंपनी के पोर्टल https://portal.mpcz.in पर ऑनलाइन भुगतान के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। कंपनी ने कहा है कि इसके लिए उपभोक्ता को पोर्टल पर एलटी सर्विस ऑप्शन को क्लि करना होगा। इसके बाद व्यू पे बिल और व्यू विजलेंस बिल का चयन करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन विजिलेंस पेमेंट की विंडो पर कंज्यूमर नंबर या फिर पंचनामा नंबर डालना होगा। यह प्रक्रिया पूरी होने पर बिल पेमेंट का ऑप्शन आएगा। इसी तरह एप के माध्यम से भी विजिलेंस देयकों का भुगतान आसानी से किया जा सकता है।

## पीएमश्री कॉलेजों के अतिथि विद्वानों की चॉइस फिलिंग 20-25 तक

भोपाल, (आरएनएस)। पीएम कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में कार्यरत अतिथि विद्वानों को नजदीकी कॉलेजों में भेजा जाएगा। इसको लकर उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं। पीएमश्री कॉलेजों में अन्य कॉलेजों से सहायक प्राध्यापकों को रिडिप्लाय किया गया है। इस कारण विभाग ने यह निर्णय लिया है। इसके लिए चॉइस फिलिंग 20 से 25 जनवरी और कॉलेज में उपस्थिति होने की तिथि 28 से 31 जनवरी निर्धारित की गई है।

## हमीदिया कॉलेज में राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

भोपाल,(आरएनएस)। भारतीय ज्ञान परंपरा अकादमि एवं सांस्कृतिक गतिविधियां 2024-25 के अंतर्गत गत दिवस राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता हमीदिया कॉलेज में आयोजित किया गया। इसका विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में विश्व शांति एवं सहिष्णुता के तत्व था। इसमें मप्र के नौ संभागों के 16 चयनित प्रतिभागी शामिल हुए। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दत्तोपंद ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्र थे।

## प्री-बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं से दसवीं और 12वीं के विद्यार्थियों की कराई जाएगी तैयारी

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में दसवीं व 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। ये परीक्षाएं 24 जनवरी को समाप्त होंगी। इसके बाद इन कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में विशेष कक्षाएं चलाई जाएंगी। इसमें डाउट क्लियर किए जाएंगे। अब बोर्ड परीक्षा में करीब एक माह का समय शेष है। ऐसे में अब स्कूलों में छमाही व प्री-बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के माध्यम से विद्यर्थियों को कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इइसके तहत विभिन्न सेक्शन के विद्यार्थियों के लिए एक साथ गणित, अंग्रेजी, विज्ञान और अन्य ऐसे विषयों की कक्षाएं लगेंगी, जिसमें विद्यार्थियों के परिणाम अच्छे नहीं रहे हैं। स्कूलों में विद्यार्थियों को प्री-बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाएं भी दिखाई जा रही हैं।

## 74 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्रमांक 47 में होंगे विकास कार्य

भोपाल।(आरएनएस)। विधायक भगवानदास सबनानी व महापौर मालती राय ने वार्ड क्रमांक 47 में विभिन्न विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा लगभग 74 लाख रूपये की लागत से यह विकास कार्य कराए जा रहे हैं।विधायक भगवानदास सबनानी व महापौर मालती राय ने गुरूवार को पंचशील नगर में वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत सीमेंट कांक्रीटीकृत सड़क, स्कूल की बाउंड्रीवाल सहित अन्य विकास कार्यों हेतु विधिवत भूमिपूजन किया।भूमिपूजन अवसर पर स्थानीय पार्षद गिरिजा व्यास सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## प्रदेश में टॉप आने पर ग्राम जामगोद में जाकर किया दीपिका पाटीदार का स्वागत

भौंरासा (आरएनएस)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2022 के रिजल्ट जारी किए। इसमें सोनकच्छ विधानसभा के एक छोटे से ग्राम जामगोद की बेटी दीपिका गोपालसिंह पाटीदार ने पूरे प्रदेश में टॉप कर सौनकच्छ विधानसभा का नाम पूरे प्रदेश में गौरवांवित किया है। दीपिका की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है। प्रतिदिन लोग बधाई देने उनके गृह निवास पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत काकड़ादा के सरपंच सुमेरसिंह नागर, सचिव राजेंद्र वर्मा, रूपसिंह नागर व डॉ. अरविंद नागर ने दीपिका को श्री खाटू श्याम बाबा की स्मृति चिन्ह भेंट कर पुष्पमाला से स्वागत किया व साथ ही दीपिका के माता-पिता को बधाई शुभकामनाएं दी।

वही सरपंच सुमेरसिंह नागर ने कहा, कि क्षेत्र के लिए और हमारे देवास जिले के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है।

# रेलवे ने टिकट दलाली एवं कालाबाजारी से निपटने के लिए बनाई बहुआयामी रणनीति

भोपाल (निप्र)। भारतीय रेलवे टिकट प्रणाली में टिकट दलाली और कालाबाजारी की समस्या, विशेष कर यात्रा के व्यस्त अवधि के दौरान, एक बड़ी चुनौती पेश करती है। ये अवैध गतिविधियां न केवल वास्तविक यात्रियों के लिए टिकटों की निष्पक्ष पहुंच को बाधित करती हैं, बल्कि रेलवे प्रणाली में जनता के विश्वास को भी कमजोर करती हैं। इस समस्या के समाधान और रेलवे सेवाओं तक निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा व्यापक और बहुआयामी रणनीति लागू की गई है।

### रेलवे सुरक्षा बल द्वारा की गई पहल

**1. नियमित छापे और कार्रवाई**

रेलवे सुरक्षा बल के साइबर सेल बुकिंग पैटर्न की सावधानीपूर्वक जांच करते हैं ताकि विसंगतियों की पहचान की जा सके और टिकट काउंटरों और साइबर कैफ़े को लक्षित करके सटीक कार्रवाई की जा सके। इन सक्रिय उपायों के परिणामस्वरूप अनधिकृत टिकटों को जब्त किया गया है और कई दलालों को पकड़ा गया है, जिससे उनके अवैध धन सृजन स्रोतों में काफी कमी आई है।

**2. डिजिटल निगरानी**

उन्नत तकनीकी उपकरणों का उपयोग करते हुए, आरपीएफ ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफ़ॉर्म की निरंतर निगरानी करता है। बल्क बुकिंग और अनियमित लेनदेन सहित संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करके और टिकट काउंटरों पर सीसीटीवी लगाकर, आरपीएफ कालाबाजारी का पता लगाने और उसे प्रभावी ढंग से रोकने की अपनी क्षमता को मजबूत करता है।

**3. आईआरसीटीसी के साथ सहयोग**

आरपीएफ संदिग्ध खातों की पहचान करने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ मिलकर काम करता है। इस सहयोगात्मक पहल का उद्देश्य एजेंट और व्यक्तिगत उपयोगकर्ता आईडी दोनों के दुरुपयोग को रोकना है, जिससे अधिक सुरक्षित और पारदर्शी टिकटिंग प्रणाली सुनिश्चित हो सके।

**4. जागरूकता अभियान**

जन जागरूकता के महत्व को समझते हुए, आरपीएफ विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर शैक्षणिक अभियान चलाता है। ये पहल यात्रियों को अनधिकृत गतिविधियों की सूचना देने के बारे में जानकारी देती हैं और आधिकारिक और अधिकृत चैनलों के माध्यम से टिकट बुक करने के महत्व पर जोर देती हैं।

**5. प्रौद्योगिकी एकीकरण**

आरपीएफ ने अपने साइबर सेल को अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर से लैस किया है ताकि टिकटिंग सिंडिकेट को प्रभावी ढंग से ट्रैक और नष्ट किया जा सके। यह तकनीकी उन्नति बल को तेजी से परिष्कृत हो रहे दलाली नेटवर्क का मुकाबला करने में सक्षम बनाती है।

**6. विधिक कार्यवाही**

टिकट दलाली में लिप्त अपराधियों को रेलवे अधिनियम के तहत कठोर दंड का सामना करना पड़ता है, जिसमें कारावास भी शामिल है। हाल ही में न्यायिक निर्णयों ने टिकट दलाली को सामाजिक अपराध के रूप में वर्गीकृत करके इस मुद्दे की गंभीरता को उजागर किया है।

### आरपीएफ के प्रयासों का प्रभाव

आरपीएफ द्वारा की गई रणनीतिक पहलों से महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं। कई हाई-प्रोफाइल दलाली गिरोहों को ध्वस्त किया गया है और हजारों अपराधियों को पकड़ा गया है। इन प्रयासों से बड़ी मात्रा में अवैध टिकटों की बरामदगी हुई है, जिससे बड़े पैमाने पर कालाबाजारी पर लगाम लगी है और रेलवे प्रणाली में लोगों का विश्वास बहाल हुआ है।

**भविष्य की रणनीति**

अपनी प्रभावशीलता को और बढ़ाने के लिए, आरपीएफ ने अपने संचालन में उन्नत प्रौद्योगिकियों और पूर्वानुमान उपायों को एकीकृत करने की योजना बनाई है। मुख्य फोकस क्षेत्रों में शामिल हैं:

**1.उन्नत एआई और मशीन लर्निंग**

1(a) व्यवहार पैटर्न विश्लेषण- एआई सिस्टम बुकिंग व्यवहार की जांच करेगा ताकि दलाली गतिविधियों की विसंगतियों की पहचान की जा सके

1(b) वास्तविक समय में धोखाधड़ी का पता लगाना- मशीन लर्निंग एल्गोरिदम वास्तविक समय में संदिग्ध लेनदेन का पता लगाएगा और रोक देगा।

1(c) डायनेमिक आईपी मॉनिटरिंग- सिस्टम एक ही आईपी पते से या वीपीएन का उपयोग करके होने वाली कई बुकिंग की पहचान करेगा और उन्हें ब्लॉक कर देगा।

**2. बायोमेट्रिक सत्यापन**

2 (a) चेहरे की पहचान: टिकट बुकिंग को बायोमेट्रिक डेटा से जोड़ने से निरीक्षण के दौरान यात्रियों का सत्यापन सुनिश्चित होगा

2 (b) फिंगरप्रिंट स्कैनिंग: बुकिंग काउंटरों पर अनिवार्य बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से लेनदेन की प्रामाणिकता बढ़ेगी।

3. क्लाउड कंप्यूटिंग और बिग डेटा एनालिटिक्स

वास्तविक समय डेटा प्रसंस्करण: क्लाउड-आधारित प्रणालियाँ संदिग्ध प्रवृत्तियों की पहचान करने के लिए टिकटिंग डेटा के तात्कालिक विश्लेषण की सुविधा प्रदान करेंगी।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# हथियार की तरह प्रयोग की जा रही कैग रिपोर्ट

दिल्ली सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के मुद्दे पर कदम खींचने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने संदेह उत्पन्न करने वाला कहा।

भाजपा विधायकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि आपको विधानसभा अध्यक्ष को तुरंत रिपोर्ट भेजनी थी। सदन पर इसकी चर्चा करनी थी। विधानसभाध्यक्ष का विशेषाधिकार है विधानसभा सत्र बुलाना। यह सवाल भी किया कि क्या अदालत विधानसभाध्यक्ष को ऐसा करने का निर्देश दे सकती है, जबकि चुनाव नजदीक हैं।

हालांकि दिल्ली सरकार के वकील ने आरोप लगाया कि याचिका राजनीति से प्रेरित है, और उपराज्यपाल कार्यालय के रिपोर्ट को सार्वजनिक और समाचार-पत्रों से साझा करने की बात भी उठाई। कैग की रिपोर्ट के अनुसार शराब नीति की वजह से दिल्ली के राजस्व को दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कैग ऑडिट निकाय है, जिसे संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। अनुच्छेद 148 के मुताबिक कैग की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।

यह भारत सरकार तथा राज्य सरकारों के विभागों और मंत्रालयों की पड़ताल करता है। इसकी रिपोर्ट विधानसभा और संसद में रखी जाती है। इसकी रिपोर्ट का असर इतना होता है कि इसके आधार पर 1989 में कांग्रेस सरकार को संयुक्त मोर्चा ने उखाड़ फेंका था। 2010 में स्पैक्ट्रम को लेकर कैग की रिपोर्ट पर 2जी आवंटन में धांधली के चलते सरकार को पौने दो लाख करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ था जिस पर मनमोहन सरकार को सीबीआई जांच का आदेश देना पड़ा था।

शराब घोटाले को लेकर आप के वरिष्ठ नेताओं को जेल की सलाखों के पीछे भी रहना पड़ा। हालांकि आम आदमी पार्टी रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए भाजपा पर इसे चुनावी मुद्दा बनाने का आरोप लगा रही है। लेकिन भाजपा ने इसे सुनहरा अवसर मान लपक लिया। हालांकि खुद मोदी सरकार कैग रिपोर्ट को लेकर कभी गंभीर नजर नहीं आई। दूसरे, उसने अन्य संवैधानिक संस्थाओं को कभी उस तरह तवज्जो नहीं दी जैसी परंपरा रही है।उन्हें जानबूझ कर पंगु ही नहीं बनाया जाता रहा है, बल्कि विपक्ष भी उन्हें मुद्दों की तरह प्रयोग करने में विफल नजर आया है परंतु जैसा कि अपने यहां चुवानी दंगल में सब जायज बताया जाता है। कैग की यह रिपोर्ट हथियार की तरह प्रयोग की जा रही है। चुनाव संपन्न होने तक यह मुद्दा गरमाया रहने वाला है।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के बारहवें दिन गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर अपने शिविर में बैठे एक साधु।

# महाकुंभ के दृश्य से पूरे देश आह्लादित

**अवधेश कुमार**

प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से महाकुंभ के दृश्य पूरे देश को आह्लादित कर रहे हैं। उन दृश्यों को देखने और वहां से निकल रहे वक्तव्यों से पूरे विश्व में फैले सनातनियों के अंदर इच्छा बलवती हो रही है कि एक बार प्रयागराज महाकुंभ जाकर पवित्र त्रिवेणी की डुबकी अवश्य लगाएं।

तेरह जनवरी को बुधादित्य महायोग के दिन का आंकड़ा एक करोड़ 75 लाख तो 14 जनवरी को लगभग 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान करने का आया है। संपूर्ण विश्व आश्चर्यचकित हो इन दृश्यों को देख कर इसके पीछे की शक्ति और भावना को समझने की कोशिश कर रहा है। कल्पना करिए, बारह फरवरी तक जन समूह की संख्या कितनी पहुंच जाएगी। मोटा-मोटी आकलन है कि लगभग 40 करोड़ लोग देश-विदेश से प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेंगे।

भगवा की बहुतायत लेकिन प्रकृति में उपस्थिति हर रंग की ध्वजाएं, पताकाएं और कवेश पहने साधु-संत, गांव-घर के आम देशी-विदेशी जन ने ऐसा विहंगम दृश्य प्रस्तुत किया है जिसका वर्णन आसान नहीं है। लगातार बजते घड़ी-घंटाल, शंखों की गूंजती ध्वनि, मंत्रोच्चार, 24 घंटे पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करते असंख्य लोग, यज्ञशालाओं से निकलते हवनकुंड की अग्नि के सुगंध और भजन-कीर्तन के साथ प्रवचनों की ध्वनियों और ऊपर आकाश से हेलीकॉप्टरों द्वारा पुष्प वर्षा से निर्मित वातावरण और वहां जाने वालों के चेहरों के भावों को शब्दों से वर्णित नहीं किया जा सकता। हालांकि इसके सूक्ष्म प्रभावों को न समझने वाले शब्दातीत, वर्णनातीत आदि शब्दावलियों को अतिवादी कह सकते हैं किंतु सच यही है।

केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ लोगों की रिकॉर्ड उपस्थिति का आकलन करते हुए हरसंभव व्यवस्था की है। पूरे कुंभ नगर का विस्तार 4000 हेक्टेयर करके 25 सेक्टरों में बांटा गया, डेढ़ लाख से अधिक टेंट लगाए गए, 44 घाटों पर स्नान की व्यवस्था हुई जो 12 किमी. लंबाई में फैली है। 102 पार्किंग बनाए गए हैं, जिनमें साढ़े 5 लाख गाडियां खड़ी हो सकती हैं। कुल 45 दिनों में रेलवे, हवाईजहाज, राज्य सरकार की बसें, शटल बसें आदि की रिकार्ड संख्या विस्तारित की गई है। समाज में विचार, व्यवहार, कर्मकांड



आदि के बीच विरोधाभास, विविधताएं या विभाजन कोई आज नहीं, सदियों से है।

जरा सोचिए, महान ऋषि-मुनियों ने किस तरह समय-समय पर इन सबको समन्वित करते हुए संपूर्ण ब्रह्मांड या मानव, जीव-अजीव, सबके कल्याण का भाव पैदा करने के महान अवसरों की दिव्य परंपराएं स्थापित कीं। जिस तरह प्रकट दिखती गंगा-यमुना और अमूर्त सरस्वती का संगम है, उसी को साकार करता जनसमूह अलग-अलग विचारधाराओं, पंथों, मतों, भाषाओं, क्षेत्रों, रंग-रूपों, जातियों, संप्रदायों, सब वहां जाकर वाकई एक हो जा रहे हैं। न कोई भेद, न दूरी और कोई किसी से उसकी जाति-नस्ल-पंथ-संप्रदाय स्वयं को दूर करने या भेद करने की दृष्टि से पूछता भी नहीं। उत्सुकतावश जानकारी के लिए पूछते और एक दूसरे से परिचय करते हैं।

इस तरह से देखा जाए तो महाकुंभ संपूर्ण विश्व के जन-जन को एक करने यानी मातृभूमि पुत्रोअहम पृथिव्या की अथर्ववेद की अवधारणा को साकार करने का पर्व है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो प्रयागराज को तीर्थराज कहा गया है और यह निर्वाण की भूमि मानी गई है। पुरु षार्थ चातुष्ट्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों का विपुल भंडार। माना गया है कि यहां आने से सब खुल जाते हैं और त्रिवेणी के तट से अंतर्मन के सारे विकार, क्लेश, दोष मिट जाते हैं। मूल बात है संगम और कुंभ के भाव को समाहित करने की। वह वहां तो साकार दिखता है। जैसा आप जानते हैं कुंभ के हमारे यहां अनेक अर्थ हैं। कुंभ अमृत कलश माना गया है।

वेदांत में कुंभ घटा आकाश यानी हृदय एक कुंभ है, कुंभ एक राशि है, इस कुंभ के भाव में गंगा और शिव समाहित हैं। हमारे देश में अंग्रेजों के समय से कथित इतिहासकारों ने भारत और सनातन की सारी परंपराओं, प्रथाओं, पवरे, त्योहारों, पावन अवसरों के अतीत को तिथियों में देखने और अपनी अज्ञानता प्रदर्शन करने की ऐसी नींव डाली कि अकादमी क्षेत्र में कोई भी विषय अविवादित रहा ही नहीं। किसी की तिथि मान्य नहीं, उम्र मान्य नहीं किंतु जनमानस के लिए संगम का आरंभ कब से हुआ, किसने किया, किस काल में था इनके न कोई अर्थ थे, न हैं, और न आगे होंगे। यह हमारे महान पूर्वजों के दिए गए संस्कार और चरित्र हैं, जिनने आज तक ऐसी राजनीतिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक, आर्थिक व्यवस्थाओं और ढांचों की प्रतिकूलताओं से परे किसी न किसी रूप में मौलिकता के साथ भी इन सबको कायम रखा है। सच कहा जाए तो यही हमारी अंतःशक्ति है, जिस पर भारत विश्व के लिए आदर्श और दिशा देने वाला देश बन सकता है।संसदीय लोकतंत्र में राजनीतिक नेतृत्व की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो गई है। ऐसा नहीं है कि राजनीतिक सत्ता हमारे धर्म, कर्मकांड आदि के रास्ते निर्धारित करती हैं किंतु अगर उन्हें इसकी समझ है या वे इसके ज्ञानियों से समझने की कोशिश करते हैं, तो अनुकूलताएं निर्मित होती हैं, व्यवस्थाएं खड़ी होती हैं, उसके अनुरूप आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती हैं, जिनसे ऐसे अवसरों पर संत-महात्मा, साधु- संन्यासी, विद्वतजन, आम श्रद्धालु सभी अपने कर्म करने में सहजता महसूस करते हैं।इनसे महाकुंभ जैसे आयोजन अपनी संपूर्णता में प्रकट होते हैं। इसी मायने में मोदी सरकार और योगी सरकार पूर्व की सरकारों से गुणात्मक रूप से भिन्न प्रमाणित हो रही हैं। इतने विशाल और लंबे आयोजन की दृष्टि से कोई भी व्यवस्था संपूर्ण या आदर्श नहीं हो सकती। महाकुंभ जैसे आयोजन में बगैर कुछ बोले संपूर्ण विश्व में संदेश जा रहा है कि कैसे एक साथ इतनी बड़ी संख्या में अलग-अलग पंथ, संप्रदाय, जिनके बीच घोर मतभेद और कुछ के मध्य संघर्ष रहे हैं, सब इकट्ठे होकर आत्मोद्धार, समाज और विश्व कल्याण के भाव से संगम में स्नान-यज्ञ आदि कर रहे हैं।

# देश में शहरों का भू-रिकॉर्ड

**मनोज जोशी**

मनुस्मृति में राजाओं द्वारा भू-राजस्व संग्रह के उल्लेख से लेकर शेरशाह और मुगल काल में राजा टोडरमलन द्वारा विकसित भू-अभिलेख प्रणाली, ब्रिटिश काल के दौरान विकसित भूमाप प्रणाली और स्वतंत्रता के बाद विकसित भू-अभिलेख व्यवस्था के बाद से भारत ने ग्रामीण क्षेत्रों में अब पूर्णतया डिजिटल भू-रिकॉर्ड और मानचित्रण तक पहुंचने की लंबी यात्रा तय कर ली है।

गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तथा कुछ अन्य शहरों को छोड़कर भारत में शहरी भू-अभिलेख नहीं रखे जाते। अधिकांश रूप से उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत संपत्ति का खरीद-बिक्री का ब्यौरा ही शहरी भू-अभिलेख का एकमात्र साधन है। पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत कार्य करने वाले उप रजिस्ट्रार विक्रेता की जानकारी रखने के कुछ उचित उपाय करते हैं, लेकिन उन्हें उन सभी दस्तावेजों को पंजीकृत करना चाहिए जो उनके सामने प्रस्तुत किए जाते हैं। सरकारी भू-अभिलेखों के अभाव में शहरी भूमि संपत्ति के मामलों में धोखाधड़ी और विवाद की आशंका बनी रहती है। भारत में तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे महानगरीय बस्तियों के आस-पास के गैर-शहरी इलाके (पेरी-अर्बन) में निजी डेवलपर्स कृषि भूमि को लेकर उन्हें कॉलोनियों में बदल रहे हैं। इन कॉलोनियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध अनुमोदन के साथ या उसके बिना ही विकसित किया जा रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में एक ही प्लॉट की कई बार बिक्री के बहुत सारे मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी भूमि अभिलेखों के ना रहने से महंगी शहरी भूमि के मामले में अनिश्चितता, जोखिम, क्रेताओं को अनावश्यक परेशानी और मुकदमेबाजी होती है।

ड्रोन आधारित हवाई इमेजरी-सिटी सर्वे

कंप्यूटरकृत भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से ड्रोन/विमान के माध्यम से 5 सेमी की सटीकता से अब भू-मानचित्र 2 लाख रुपये प्रति किमी 2 की उचित लागत पर 2-4 महीने की अवधि में तैयार किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों को ऐसे मानचित्रों का जमीनी सत्यापन करने और स्वामित्व दस्तावेजों को सत्यापित करने की आवश्यकता है। नगरपालिका संपत्ति कर डेटा स्वामित्व पर प्रारंभिक जानकारी प्रदान करता है। व्यक्तिगत भूखंड और मालिकाना विवरण के साथ विस्तृत नक्शे प्रकाशित करने के उपरांत, सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं।

शहर के सर्वेक्षण का कठिन हिस्सा जमीनी स्तर पर इनकी पहचान करना और स्वामित्व दस्तावेजों को प्रमाणित करना है। जमीनी सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में टीमों को शामिल करने की आवश्यकता पड़ती है जिनमें सर्वेक्षक और सरकारी अधिकारी होते हैं। भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित नगर सर्वेक्षण में भी वास्तविक कब्जे वाली भूमि और अधिकार दस्तावेज के बीच अंतर पाया गया है। जीआईएस आधारित मापों की उच्च स्तरीय सटीकता में 5 प्रतिशत तक अंतर होता है। नए रिकॉर्ड में उनके कब्जे में कम भूमि दिखने के कारण भू-मालिक आपत्ति दर्ज करते हैं। इसके अतिरिक्त कई मामलों में भू-स्वामित्व स्पष्ट नहीं होता या इस पर विवाद रहता है। शहरी भू-सर्वेक्षण में बड़ी जनशक्ति लगती है और भूमि स्वामित्व संबंधी आपत्तियों के सावधानीपूर्वक निपटान की आवश्यकता पड़ती है। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने एक वर्ष में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरों में नक्शा (एनएकेएसएचए) नामक शहर सर्वेक्षण पायलट कार्यक्रम आरंभ किया है। इसके बाद अगले चरण में 1000 शहरों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा और 5 वर्षों में सभी 4912 शहरों में यह योजना चलाई जाएगी।

शहरी भूमि रिकॉर्ड और शहर के सर्वेक्षण से प्राप्त नक्शे नागरिकों को अधिकार प्रदान करते हैं। अन्य संबंधित डेटा जैसे मालिक/किरायेदार परिवार का विवरण, संपत्ति कर, भवन योजना अनुमोदन, बिजली, पानी और गैस को भी इसी आधार पर समेकित किया जा सकता है। इससे नागरिकों के जीवन में सुगमता आएगी और विभिन्न स्थानीय सरकारी एजेंसियों को उनके कार्य में सुविधा होगी।

शहरी नियोजन और संपत्ति कर

कई कैमरों के साथ, शहरों की त्रिआयामी छवि और डिजिटल ट्विन उत्पन्न होते हैं। इनका उपयोग बेहतर संपत्ति कर मूल्यांकन और शहरी नियोजन के लिए किया जा सकता है। लेजर आधारित लिडार इमेजिंग ऊंचाई मानचित्रण प्रदान करती है जो शहरों में तूफान/बाढ़ के पानी की निकासी और आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने लिए बेहतर डिजाइन बनाने में सहायक होती है। यह परिवहन योजना, सड़क विकास, ढांचागत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण और शहरी नियोजन के अन्य पहलुओं को सुगम बनाता है। भारत के कई शहरों में ड्रोन से चित्र लिए गए हैं, लेकिन शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में क्षमता की कमी से उनका इन उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया गया है।

राज्यों और यूएलबी को जीआईएस प्रौद्योगिकियों और शहरी नियोजन में निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता लेने की आवश्यकता है। दस लाख की आबादी वाले शहर में इन कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि 5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं लगेगी। यह गहन प्रयास है जिसमें धन का इतना महत्व नहीं है। भारत अगले 5 वर्षों में हवाई इमेजरी के सरल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से शहरी भूमि रिकॉर्ड सुव्यवस्थित करने, संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन और शहरी नियोजन समाधान तथा बाढ़ शमन उपायों को विकसित करना चाहता है।




मेष राशि : आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपका कला और साहित्य में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी स्वास्थ्य फिट रखने के लिए योग की रूटीन अपनाएं, फायदा मिलेगा । धार्मिक कामों में मन लगाने से आपको मानसिक शांति मिलेगी । घर के बड़ो का सहयोग आपको मिलता रहेगा ।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब होंगे। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगायेंगे । जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें किसी संस्था से जुड़कर नाम कमाने का मौका मिलेगा। आज आपको किसी परिजन की तरफ से खुशखबरी सुनने को मिल सकती है ।

कर्क राशि :आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। आज कार्यों में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित भी होगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को पैसे उधार दिया है, तो वह आज आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप मित्रों के साथ निवेश संबंधी योजना बनाएंगे, जिसमें आपको बहुत ही सोच विचार कर आगे बढ़ना होगा । आज आपको यदि महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़े, तो बहुत ही सोच विचार कर लें।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। घुटनों की समस्यां से आज राहत मिलेगी, जिससे खुद को रिलैक्स फील करेंगे।

धनु राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें । किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा। आज किसी पुरानी समस्या को दूर करने के लिए योजना बनायें

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको ख़ुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त करेंगे । आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें । विद्यार्थियों को आज किसी उलझन से छुटकारा मिलेगा । प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। आज आप किसी काम को छोटा या बड़ा सोचकर ना करें।

मीन राशि : आज का दिन खुशियाँ लाने वाला है। समाज में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द ही सफलता मिलेगी। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज अपनी क्षमता पर विश्वास करने से आपके सभी काम बनेंगे।

# लोकतंत्र को मजबूती देने के लिये मतदाता को जागना होगा

**ललित गर्ग**

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई और पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन दिया जाये। 'मतदाता बनने पर गर्व है, मतदान को तैयार हैं' जैसे नारों के साथ मतदान दिवस मनाने का मुख्य कारण है कि लोगों को मतदान का महत्व बताया जाए ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और अपने मत का आवश्यकतरूप से उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चुने। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 की थीम है ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।'' ऐसा करके ही लोकतंत्र को मजबूती दी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में इसने मतदान के अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेषतः युवा मतदाताओं को पंजीकृत करने, उन्हें मताधिकार का उपयोग करने के लिये अग्रसर और प्रेरित करने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका बनी है। चुनाव आयोग इस मंच का उपयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में योगदान देने वाले अधिकारियों, हितधारकों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए भी करता है। यह लोकतांत्रिक मील का पत्थर बना है और भारत के लोकतंत्र के 78 वर्षों की यात्रा और चुनावी अखंडता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता के लिये इसे जश्न रूप में मनाया जाता है।

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं



(राष्ट्रीय मतदाता दिवस - 25 जनवरी, 2025)

मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे। इसलिये यह दिवस मतदाता को जागरूक करने के साथ प्रशिक्षित भी करता है।

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है। इन सब संकटों से मुक्ति के लिये मतदाता की जागरूकता की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये चुनाव आयोग का आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग अनेक कारणों नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें।इनदिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है और इसमें मुफ्त की रेवडियां बांटने की होड़-सी लगी है। लोकतन्त्र में यह मुफ्त बांटने की मानसिकता एक तरह का राजशाही का अन्दाज ही कहा जायेगा जो लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। लोकतंत्र में कोई भी सरकार आम जनता की सरकार ही होती है और सरकारी खजाने में जो भी धन जमा होता है वह जनता से वसूले गये शुल्क या टैक्स अथवा राजस्व का ही होता है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति एक राजनीतिक विकृति के रूप में विकसित हो रही है। वृद्धों को मुफ्त धार्मिक यात्रा-पेंशन, युवाओं को रोजगार देने का वायदा, महिलाओं को नगद राशि एवं मुफ्त बस सफर हो या बिजली-पानी या गैस सिलेंडर। हालात यह हो गए है कि इस मामले में लगभग सभी पार्टियों के बीच एक होड़ जैसी लग गई है कि मुफ्त के वादे पर कैसे मतदाताओं से अपने पक्ष में लुभा कर मतदान कराया जा सके। इससे राज्यों का आर्थिक संतुलन लड़खड़ाता है या वे कर्ज में डूबती है तो इसकी चिन्ता किसी भी दल की सरकार को नहीं है। इस बड़े संकट से उबारने का काम मतदाता ही कर सकता है, वह बिना प्रलोभन, लोभ एवं मुफ्त की सुविधाओं के निष्पक्ष मतदान के लिये आगे आये।


राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण विमर्शनीय विषय है लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव, इसको लेकर एक सार्थक बहस छिड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था। चुनाव एक साथ कराने का विचार बहुत नया हो, ऐसा भी नहीं है। पिछली सरकारों में भी समय-समय पर इस पर चर्चाएं होती रही हैं।



# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**-राजधानी में अर्द्धसैनिक बलों की 70 से अधिक कंपनियों और 15,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा**

नई दिल्ली (ए.)। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारिया जोरो पर है। राजधानी में अर्द्धसैनिक बलों की 70 से अधिक कंपनियों और 15,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। वहीं, दिल्ली मेट्रो भी रविवार को तड़के तीन बजे अपनी सेवाएं शुरू करेगी ताकि लोगों को कर्तव्य पथ तक पहुंचने में सुविधा हो। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। गणतंत्र दिवस परेड 2025 और अन्य समारोहों में शामिल होने वाले अधिकतम यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर संशोधित कार्यक्रम का पालन किया




## सुबह तीन बजे शुरू होंगी मेट्रो सेवाएं

जाएगा। एक आधिकारिक अधिसूचना में, मेट्रो अधिकारियों ने यात्रियों को सूचित किया कि ट्रेनें सुबह 6 बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर चलती रहेंगी। यात्रियों को सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। डीआरएमसी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसके बाद ट्रेनें अपनी सामान्य दिनचर्या में वापस आ जाएंगी। आधिकारिक बयान के मुताबिक देश भर में गणतंत्र दिवस के उत्सव के बीच दिल्ली मेट्रो रविवार को सुबह तीन बजे सभी लाइनों पर अपनी सेवाएं शुरू कर देगी, ताकि लोग कर्त्तव्य पथ तक पहुंच सकें और वहां आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड और समारोह देख सकें। बयान के मुताबिक यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुबह छह बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलेंगी, जिसके बाद शेष दिन के लिए नियमित समय सारिणी का पालन किया जाएगा।

## रेलवे की अनोखी पहल, प्लेटफॉर्म-6 पर रेल कोच को बना दिया रेस्टोरेंट




प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक नई और अनोखी पहल की शुरुआत की गई है। रेलवे ने प्लेटफॉर्म नंबर-6 सिविल लाइंस पर एक रेल कोच को रेस्टोरेंट में तब्दील कर दिया है, जिसमें यात्री आकर शुद्ध शाकाहारी भोजन का आनंद ले सकते हैं। यह पहल यात्रियों के लिए न सिर्फ एक नया अनुभव है, बल्कि रेलवे की ओर से एक शानदार प्रयास भी है, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन मिल सके।रेलवे ने इस विशेष रेल कोच के अंदर पूरी तरह से शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया है, जिसमें साफ-सफाई और उच्च गुणवत्ता का ख्याल रखा गया है। यहां पर आने वाले यात्रियों ने इस पहल की खूब सराहना की है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालु भी इस नए रेस्टोरेंट का अनुभव कर रहे हैं, जो स्टेशन पर एक आकर्षक स्थल बन गया है।महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले नेपाल के अर्जुन कार्की ने इस पहल को एक अलग और नया अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने रेलवे के कोच में रेस्टोरेंट देखा तो उन्हें भीतर आने की इच्छा हुई और उन्होंने यहां के भोजन का स्वाद लिया।




प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के बारहवें दिन श्रद्धालु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाने पहुंचे।

# यूपी के कानपुर में बस पलटने से सात बच्चे, एक शिक्षक घायल




कानपुर ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कानपुर थाना नवाबगंज में शुक्रवार को एक हादसा हो गया। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इसमें सात बच्चे और एक शिक्षक घायल हो गए हैं। स्थानीय लोग और पुलिस राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस उपायुक्त दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर स्थित थाना नवाबगंज के जीडी गोयनका स्कूल की बस की कमानी टूट जाने के कारण वह पलट गई। इस हादसे में सात बच्चे और एक शिक्षक घायल हो गए। इन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इन्हें मामूली चोटें आई थीं। सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया है। कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है। बस पलटने से सात बच्चे और एक शिक्षक घायल हो गए हैं। स्थानीय लोग और पुलिस राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल भेजा गया। इस दौरान काफी अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान बस की रफ्तार काफी तेज थी, बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और हादसा हो गया।



क्रेद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक से संजय- युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

## दिल्ली में उपभोक्ताओं को पंजाब ब्रांड की शराब पीने के लिए मजबूर किया जा रहा : संदीप दीक्षित

नई दिल्ली (आरएनएस)। नई दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए दिल्ली में पंजाब ब्रांड के शराब के बिकने का आरोप दोहराया। उन्होंने कहा दिल्ली के उपभोक्ताओं को पंजाब ब्रांड की शराब पीने के लिए फोर्स किया जा रहा है। संदीप दीक्षित ने कहा, दिल्ली के एक्साइज डिपार्टमेंट ने अपना आकलन किया है। उसमें उन्होंने देखा कि दिल्ली सरकार शराब के कुछ ऐसे ब्रांड चुन-चुनकर बेच रही है, जो दिल्ली और आस-पास के लोगों की पसंद नहीं हैं। उपभोक्ता अपनी पसंद की चीजें खाना और पीना चाहता है, लेकिन ये लोग कुछ खास ब्रांड खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जो उनकी पसंद नहीं है। जब इसको एक्साइज डिपार्टमेंट ने देखा तो बहुत आश्चर्य हुआ। उन्होंने देखा कि अधिकांश उन कंपनियों को ऑर्डर मिल रहे हैं, जो पंजाब की हैं। इसलिए उन्होंने भ्रष्टाचार की बात कही है। नई दिल्ली सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ने आगे कहा, कंपनियां अच्छी और बुरी होंगी, लेकिन ये दिल्ली में बेची जा रही हैं, जबकि यहां पर उस ब्रांड के उपभोक्ता नहीं हैं। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि



सरकार चाहती है कि उन कंपनियों का फायदा हो। वे कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचा रहे हैं, जिसमें हमें सीधा-सीधा भ्रष्टाचार दिख रहा है। इस मामले में सीबीआई की जांच के लिए मैं उपराज्यपाल के पास भी चिट्ठी लेकर गया था।

दिल्ली कांग्रेस द्वारा एक ऑडियो जारी करके दावा किया गया है कि नरेला के विधायक और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बीच शराब स्कैम को लेकर बात हो रही थी। इस मुद्दे पर कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा, तथाकथित रूप से नरेला के विधायक शरद चौहान हैं।

अगर वे मनीष सिसोदिया से कहते हैं कि इस चक्कर में न पड़ो और इस पर सिसोदिया जवाब देते हैं कि फिर हमारे पास पैसा कहां से आएगा? तो बात साफ हो गई। मुझे लगता है कि ईडी और सीबीआई को तुरंत उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए। दोनों को आमने-सामने बैठाकर सच्चाई का पता करना चाहिए।

## भंडारा में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 5 लोगों की मौत; मौके पर रेस्क्यू टीम

भंडारा ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र में भंडारा के जवाहर नगर में एक ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में शुक्रवार को विस्फोट हो गया। हादसे में पांच कर्मचारियों के मरने की आशंका जताई जा रही है और कई लोगों को घायल होने की खबर है। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

विस्फोट की सूचना पर तत्काल बचाव और चिकित्सा दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है। जिला कलेक्टर संजय कोलटे ने बताया कि महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में सुबह करीब 10.30 बजे विस्फोट हुआ। बचाव और चिकित्सा कर्मचारी विस्फोट स्थल पर जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं तथा दमकलकर्मी स्थिति पर काबू पाने में लगे हुए हैं।

जिला कलेक्टर ने आगे बताया कि विस्फोट के कारण छत ढह गई और कम से कम 12 लोग उसके नीचे दब गए। उनमें से दो को लोगों बचा लिया गया है और मलबा हटाने के लिए खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है।अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में विस्फोट की दुर्घटना हुई। बचे लोगों की तलाश के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात हैं और बचाव कार्य जारी है।

# विविध-समाचार

## राष्ट्रीय तिरंगा यात्रा एवं प्रयागराज महाकुंभ को लेकर बैठक श्री हनुमान मन्दिर में सम्पन्न हुई

कानपुर (धनंजय त्रिवेदी)। राष्ट्रीय तिरंगा यात्रा एवं प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ को लेकर एक बैठक छपेड़ा पुलिया श्री हनुमान मन्दिर में सम्पन्न हुई। बैठक में गतवर्षो की भाति इस वर्ष भी छपेड़ा पुलिया से प्रारम्भ होने वाली 26 जनवरी को राष्ट्रीय तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर अन्तिम रूप प्रदान करते हुए यात्रा का मार्ग तय किया गया। प्रमुख मार्गो से निकलने वाली राष्ट्रीय तिरंगा यात्रा में बड़ी-बड़ी होर्डिगो, कटआउटों तथा झण्डे व झण्डियों से सजाया जायेगा। वीर शहीदों के सम्मान में जगह-जगह द्वार बनायें जायेंगे। यात्रा के मध्य भारत माता की विशाल झाँकी साथ में चलेगी जगह-जगह पर विशाल झाँकी का स्वागत भी किया जायेगा। तथा राष्ट्रीय गीतो की ध्वनि बजती रहेगी। एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा मार्ग में तिरंगा ध्वज लहराते रहेंगे। 144 वर्ष बाद प्रयागराज में महाकुंभ में भारी संख्या में लोग माँ त्रिवेणी (संगम) में पहुँच कर राष्ट्रीय सनातन धर्म की डुबकी लगाने का भी संकल्प लिया राष्ट्रीय तिरंगा यात्रा छपेड़ा पुलिया से 26 जनवरी को 1 बजे प्रारम्भ होकर, नमक फैक्ट्री चौराहा, डबल पुलिया, गल्ला मंडी होते हुए विजय नगर से देवकी पैलेस (काकादेव) से कुलवंती हॉस्पिटल से गीता नगर रेलवे कासिंग से अनुराग हॉस्पिटल चौराहा से (शारदा नगर) 9 नम्बर रेलवे कासिंग से गुरूदेव पैलेस चौराहा से विकास नगर रोड से चिड़िया घर रोड पर सिग्नेचर सिटी के सामने सभा के रूप में परिवर्तित हो जायेगा। आज की बैठक मे प्रमुख रूप से सोनू राठौर, बउआ केशरवानी, सुमित बाजपेयी, रजत मिश्रा, विभा त्रिपाठी, पवन पाण्डेय, सम्मी ठाकुर, अंशु कश्यप, आरती वर्मा विशाल भारती आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे बैठक का संचालन दिनेश बाबा जी ने किया ।

## पंजाब सरकार का बड़ा कदम, अब 180 कैमरों के जरिए होगी सब रजिस्ट्रार/जॉइंट सब रजिस्ट्रार कार्यालयों की निगरानी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य के सभी सब रजिस्ट्रार/जॉइंट सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और लोगों की सुविधा के लिए बड़ा फैसला किया है। इस पहल के तहत, पूरे पंजाब में इन कार्यालयों में कुल 180 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।सभी डिप्टी कमिश्नरों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक कैमरा सुचारू रूप से कार्य करे। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) अनुराग वर्मा ने सभी डिप्टी कमिश्नरों को कैमरों की चालू स्थिति के बारे में 31 जनवरी तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।मुख्यालय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारी भी इन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी करेंगे। डिप्टी कमिश्नरों को सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज के माध्यम से किसी भी समय अचानक चेकिंग करने का अधिकार दिया गया है। वे जब चाहें, कैमरों के माध्यम से कार्यालयों की गतिविधियों की निगरानी कर सकेंगे।

## पापा विधायक हैं का बेटे ने दिखवाया रौब तो एसएचओ ने दिखाई अपनी पॉवर

**मोटर साइकिल जब्त करते हुए लगाया बीस हजार का जुर्माना**




### बेटे पर कार्यवाही होते देख आप विधायक अमानतुल्लाह को आया गुस्सा कहा भाजपा समर्थक है एसएचओ

नई दिल्ली (ए.)। आप विधायक [illegible] कि दिल्ली पुलिस द्वारा उनके बेटे अनस की मोटरसाइकिल जब्त करने और उन पर 20,000 रुपये से अधिक का जुर्माना लगाने के बाद वह कानूनी कार्रवाई करेंगे। दिल्ली पुलिस ने संशोधित साइलेंसर के साथ मोटरसाइकिल चलाने और पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में आप विधायक के बेटे अनस सहित दो लोगों के खिलाफ एक सामान्य डायरी (जीडी) प्रविष्टि की। यह घटना तब हुई जब पुलिस टीम गुरुवार रात गणतंत्र दिवस से पहले जामिया नगर इलाके में सुरक्षा गश्त कर रही थी। अमानतुल्ला खान ने कहा कि मैं एक मीटिंग में था जब मेरे बेटे का फोन आया। जामिया नगर एसएचओ ने मेरे बेटे को रोका क्योंकि उसकी मोटरसाइकिल पर आप का झंडा था। उसने मेरे बेटे के साथ भी दुर्व्यवहार किया और यह वीडियो में है। मैंने उससे कहा कि अगर वह चाहे तो बाइक ले जा सकता है, लेकिन फिर भी उसने 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया। उनहोंने कहा कि मुझे नहीं पता कि मेरे बच्चों को इस तरह परेशान करने के लिए उसके पास किस तरह का कानूनी अधिकार है। पुलिस पर हमला करते हुए आप विधायक ने कहा कि मेरे बेटे ने कुछ भी गलत नहीं किया, बल्कि एसएचओ मेरे बेटे को धमका रहा था। वह इलाके में माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। थानेदार भाजपा समर्थक है इसलिए वह बौखलाया हुआ है। तो क्या हुआ अगर मेरे बेटे के खिलाफ पहले भी मामले थे क्या पुलिस उसे फाँसी देगी? ये पुलिस क्या है? क्या वे इस व्यवस्था को चलायेंगे? उन्हें कानून-व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। क्या उन्हें ये अधिकार है? वह तो महज़ एक एसएचओ हैं। वह क्षेत्र में डकैती, चोरी और यातायात पर ध्यान केंद्रित नहीं करता है। ये एसएचओ इलाके में किसी बड़ी घटना के लिए जिम्मेदार होंगे।

# वपक्षी सांसदों ने स्पीकर को लिखा पत्र, जगदंबिका पाल पर लगाया बड़ा आरोप



नई दिल्ली (ए.)। वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सदस्यों ने माननीय अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र सौंपा है, जिसमें उनसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि जेपीसी अध्यक्ष पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से कार्यवाही संचालित करें। पत्र में कहा गया है कि आज सुबह 11 बजे जब बैठक शुरू हुई तो हम विपक्ष के सदस्यों ने सभापति के कामकाज के संचालन के तरीके के खिलाफ पूरे सम्मान के साथ अपनी आवाज उठाई। हमने नियमों में विचारित उचित प्रक्रिया की अनदेखी करके जेपीसी के कामकाज के एकतरफा और अनुचित तरीके पर प्रकाश डाला। विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि यह सम्मानपूर्वक प्रस्तुत किया गया है कि चूंकि 24 और 25 तारीख को बैठक के लिए निर्धारित नोटिस दिया गया था, इसलिए हम सदस्यों ने 31 तारीख को संसद सत्र शुरू होने के कारण 27 से 30 तारीख तक निर्वाचन क्षेत्र/राज्यों में अपने कार्यक्रम तैयार किए और इस तरह 27वीं बैठक को स्थगित करने के लिए प्रार्थना की। जबकि हमने इन उचित दावों को सभ्य तरीके से अध्यक्ष के सामने रखा, लेकिन उन्होंने जवाब देने का प्रयास भी नहीं किया। जैसा कि हम सभी ने अपमानित महसूस किया, हम खड़े हुए और अपनी मांगों को सुनने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाई। इसी बीच चेयरमैन ने किसी से फोन पर बात की और अचानक और आश्चर्यजनक रूप से चिल्लाते हुए उन्होंने हमारे निलंबन का आदेश दे दिया।

## बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा, 3.72 करोड़ के घोटाले की जांच

जयपुर (आरएनएस)। । प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार सुबह बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव के जयपुर सहित 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई पीएमएलए कानून के तहत की जा रही है। यादव और उनकी कंपनियों पर सरकारी फंड के दुरुपयोग और 3.72 करोड़ रुपए के घोटाले के आरोप हैं। सूत्रों के अनुसार, बलजीत यादव की फर्म पर सरकारी स्कूलों में विधायक कोष से वितरित किए गए सामान में खराब गुणवत्ता की आपूर्ति का आरोप है। बताया गया है कि इस मामले में एसीबी पहले ही एक केस दर्ज कर चुकी है। यादव पर सरकारी राजस्व को हानि पहुंचाने और विधायक कोष का दुरुपयोग करने के गंभीर आरोप लगे हैं।ईडी की टीमों ने जयपुर में 8 ठिकानों के साथ-साथ दौसा और अलवर के 1-1 स्थानों पर छापा मारा। इन ठिकानों से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य सबूत जब्त किए गए हैं। ईडी सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई सरकारी स्कूलों के अंदर क्रिकेट सामान की आपूर्ति में हुए घोटाले के मामले में की गई।

## जगन रेड्डी के करीबी सहयोगी विजयसाई रेड्डी ने दिया राज्यसभा से इस्तीफा, राजनीति भी छोड़ने का किया ऐलान

नई दिल्ली (ए.)। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख जगन रेड्डी के करीबी माने जाने वाले विजयसाई रेड्डी ने राजनीति छोड़ने और राज्यसभा से इस्तीफा देने का फैसला किया है। विजयसाई रेड्डी वाईएसआरसीपी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। एक्स पर अपने लंबे पोस्ट में रेड्डी ने कहा कि मैं राजनीति छोड़ रहा हूं। मैं कल 25 तारीख को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं किसी भी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होऊंगा। मैं किसी अन्य पद, लाभ की उम्मीद में इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं वाईएस परिवार का आभारी हूं, जिन्होंने चार दशकों और तीन पीढ़ियों तक मुझ पर विश्वास किया और मेरा समर्थन किया मुझे अवसर देने के लिए दो बार राज्यसभा सदस्य बनने और मुझे इतने ऊंचे स्तर तक ले जाने के लिए मैं जगन गारु को शुभकामनाएं देता हूं। संसदीय दल के नेता के रूप में राज्यसभा में फ्लोर लीडर के रूप में, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में, मैंने पार्टी और राज्य के हितों के लिए ईमानदारी से और अथक परिश्रम किया है। मैंने केंद्र और राज्य के बीच एक सेतु का काम किया है. लगभग नौ वर्षों तक मुझे प्रोत्साहित करने, मुझे अपार शक्ति और साहस देने और तेलुगु राज्यों में मुझे पहचान दिलाने के लिए प्रधान मंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को विशेष धन्यवाद। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि टीडीपी के साथ उनके राजनीतिक मतभेद हैं, लेकिन चंद्रबाबू नायडू के परिवार के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। तेदेपा के साथ मेरे राजनीतिक मतभेद हैं। चंद्रबाबू के परिवार के साथ मेरा कोई व्यक्तिगत मतभेद नहीं है। पवन कल्याण के साथ मेरी लंबे समय से मित्रता है।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के मिल्कीपुर में उपचुनाव से पहले चुनाव प्रचार के दौरान.

# वक्फ संशोधन पर जेपीसी बैठक में हंगामा, बुलाए मार्शल, विपक्षी सदस्य सस्पेंड

**-विपक्ष का दावा-प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने नहीं दिया जा रहा समय**

नई दिल्ली,(ए)। वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर संसदीय समिति की शुक्रवार को अहम बैठक हुई। बैठक हंगामेदार रही। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए समय नहीं दिया जा रहा है। वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर जेपीसी बैठक में जोरदार हंगामे को देखते हुए मार्शल बुलाए गए। बवाल इतना हुआ कि विपक्ष के सभी सांसदों को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति कश्मीर के धार्मिक प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी। मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों ने आपस में चर्चा की। विपक्षी नेताओं द्वारा बीजेपी पर दिल्ली चुनावों को ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को जल्द स्वीकार करने का दबाव बनाने के दावे के साथ तूफानी हो गई। बैठक के दौरान तीखी नोकझोंक हुई उसके बाद कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी। मीरवाइज के नेतृत्व




में प्रतिनिधिमंडल ने दोबारा बैठक शुरू होने के बाद समिति के सामने पेश किया।टीएमसी सदस्य कल्याण बनर्जी और कांग्रेस सदस्य नसीर हुसैन बैठक से बाहर चले गए और उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि समिति की कार्यवाही दिखावा है। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित संशोधनों की धारा-दर-धारा जांच के लिए 27 जनवरी को होने वाली बैठक को 30 जनवरी या 31 जनवरी तक टाल दिया जाए। वहीं, बीजेपी सदस्य निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि उनका आचरण संसदीय परंपरा के खिलाफ है और वे बहुमत की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे हैं।

## छावा से अक्षय खन्ना का खूंखार अवतार आया सामने, डर और दहशत का नया चेहरा, क्रूर मूगल शासक औरंगजेब बने एक्टर

विक्की कौशल की मोस्ट अवेटेड फिल्म छावा का ट्रेलर रिलीज होने वाला है. जिसके लिए फैंस पहले से ही काफी एक्साइटेड हैं. वहीं मेकर्स भी दर्शकों को एक्साइटमेंट को बरकरार रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. ट्रेलर रिलीज के पहले ही मेकर्स ने रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक रिलीज किया वहीं अब मेकर्स ने फिल्म से अक्षय खन्ना के लुक से भी पर्दा उठा दिया है.

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के शानदार लुक के बाद, अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक मेकर्स ने रिवील किया जिसमें वे काफी खूंखार लग रहे हैं. अक्षय फिल्म में क्रूर मुगल शासक कहे जाने वाले औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं, जिसे डर और दहशत का चेहरा बताया गया है. आगामी फिल्म छावा के मेकर्स ने अक्षय खन्ना के किरदार के नए पोस्टर शेयर किए. उन्हें मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में देखा जा सकता है.

## 'फाइटर' से हुई 'स्काई फोर्स' की तुलना तो भड़के सिद्धार्थ आनंद! अक्षय कुमार के फैंस पर किया कटाक्ष?



फिल्म निर्माता सिद्धार्थ आनंद ने असुरक्षा के बारे में एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा की, जिसे देख ऐसा लगा कि वह पोस्ट अक्षय कुमार की स्काई फोर्स के समर्थकों पर कटाक्ष थी। दरअसल, एक्स पर साझा की गई इस पोस्ट ने कई लोगों का ध्यान खींचा, जिससे स्काई फोर्स और आनंद की फाइटर (2024) के बीच की तुलना को लेकर यूजर्स की ओर से विभिन्न टिप्पणियां और प्रतिक्रियाएं सामने आईं।

**सिद्धार्थ आनंद का पोस्ट**

कुछ लोगों ने इस पोस्ट को अक्षय कुमार अभिनीत 'स्काई फोर्स' पर कटाक्ष के रूप में देखा, जिसने ऑनलाइन चर्चा बटोरी। सिद्धार्थ ने लिखा, 'हाहाहाहा। असुरक्षा की भावना नए स्तर पर पहुंच गई है। आज मैं खुद को बहुत महत्वपूर्ण महसूस कर रहा हूं। खुद पर भरोसा रखो। चलो यार। एक पुरानी कहावत है- एक और मोमबत्ती बुझा देने से आपकी मोमबत्ती नहीं जलेगी, लेकिन अफसोस।'

**सिद्धार्थ आनंद को भी लोगों ने दी सलाह**

हालांकि सिद्धार्थ आनंद ने सीधे तौर पर स्काई फोर्स का जिक्र नहीं किया, लेकिन प्रशंसकों ने उनकी टिप्पणी को फिल्म और उनकी 2024 की फिल्म फाइटर के बीच की जा रही तुलना के रूप में समझा। दरअसल, सोशल मीडिया पर फिल्म का रिव्यू करते हुए दर्शक 'स्काई फोर्स' को सिद्धार्थ आनंद की 'फाइटर' से बेहतर बता रहे थे। वहीं, कुछ यूजर्स ने निर्देशक को सलाह दी कि अगर एक फिल्म एक ही विषय पर है तो तुलना होना लाजमी है, अगर किसी फिल्म की समीक्षा अच्छी है तो उसे स्वीकार करें।

**फिल्म की कहानी और कलाकार**

बात करें 'स्काई फोर्स' की तो इसमें अक्षय कुमार एक भारतीय वायु सेना अधिकारी की भूमिका में हैं, जो कई सैनिकों की मौत के बाद बदला लेने के मिशन पर निकलता है। संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित इस हाई-स्टेक थ्रिलर में शानदार एयर वॉर, जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस और भारतीय सैनिकों की बहादुरी को दिखाने वाली एक मनोरंजक कहानी है। अक्षय के साथ नवोदित वीर पहाड़िया भी हैं, जो एक और आईएएफ अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं और सारा अली खान, जो वीर की पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में निमरत कौर भी अहम भूमिका में हैं।

## कभी हॉट फोटोशूट के चलते चर्चित हुई थीं ममता कुलकर्णी, टॉपलेस फोटो पर हुआ जमकर विवाद





खुद को साध्वी बताने वाली 90 के दशक की एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी जल्द ही महामंडलेश्वर बनने वाली हैं। लेकिन ममता की चर्चा बॉलीवुड में एक बोल्ड एक्ट्रेस के तौर पर ही होती रही है। 90 के दशक में एक टॉपलेस फोटोशूट से उन्होंने हंगामा मचा दिया था।

बॉलीवुड की 90 के दशक की अदाकारा ममता कुलकर्णी इस समय चर्चा में हैं। वह महाकुंभ में नजर आई हैं। लंबे समय से वह खुद को एक साध्वी बताती रही हैं। जल्द ही वह महाकुंभ में महामंडलेश्वर भी बनने जा रही हैं। लेकिन जब भी बॉलीवुड में ममता कुलकर्णी का जिक्र होता है तो उनकी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड फोटोशूट ही दर्शकों को याद आता है।

नब्बे के दशक में तो ममता कुलकर्णी ने अपने टॉपलेस फोटो से हंगामा ही मचा दिया था। वह अपने समय की सबसे बोल्ड एक्ट्रेस बन गई थीं। ममता ने यह फोटो शूट एक मैगजीन के लिए करवाया था। जब वह मैगजीन छपकर आई तो फैंस ममता की तस्वीरें देखकर हैरान रह गए। बॉलीवुड में भी उनके इस लुक की खूब चर्चा हुई। ऐसा कहा जाता है कि उस समय ममता कुलकर्णी की टॉपलेस फोटो देखकर कई दर्शकों की तो नींद उड़ गई थी।

**टॉपलेस फोटो पर विवाद भी हुआ**

ममता कुलकर्णी ने जो टॉपलेस फोटो शूट करवाया था, उस पर विवाद भी खूब हुआ। ममता के कुछ फैंस को ही इस फोटोशूट को देखकर बुरा लगा। दरअसल, वह फिल्मों में एक सिंपल लड़की का रोल अब तक कर रही थीं। ऐसे में ममता का बोल्ड लुक देखकर फैंस को धक्का लगा। लेकिन कहा जाता है कि जिस मैगजीन में यह फोटो छपी, उसकी कीमत 5 गुना बढ़ गई थी।

**आगे भी बोल्ड फोटोशूट करवाए**


ममता कुलकर्णी ने सिर्फ एक ही बार बोल्ड फोटोशूट नहीं करवाया। वह बिकनी फोटोशूट और शॉर्ट ड्रेसेस में फोटोशूट करवाती रहीं। फिल्मों में जरूर ममता बहुत बोल्ड लुक में नहीं दिखीं लेकिन उनका अंदाज ग्लैमरस जरूर होता था।

**अब बदल रही हैं अपनी जिंदगी**

कई सालों से ममता कुलकर्णी फिल्मों से दूर हैं। वह खुद को एक साध्वी बताती हैं, साथ ही एक संन्यासी सा जीवन भी जीने की बात करती हैं। हाल ही में महाकुंभ में ममता पहुंचीं और जल्द ही वह अपने जिंदगी के नए अध्याय की शुरुआत करेंगी। वैसे उनका निजी जीवन विवादों में घिरा रहा है, उनका नाम ड्रग्स केस में भी आया था। बाद में कोर्ट ने उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया था।

## क्या सारा अली खान को डेट कर रहे हैं अर्जुन प्रताप बाजवा? अभिनेता ने चुप्पी तोड़ बताया सच

सारा अली खान की लव लाइफ तब से चर्चा में है, जब से उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत के साथ केदारनाथ में डेब्यू किया था। पिछले साल उनके अभिनेता और मॉडल अर्जुन प्रताप




बाजवा के साथ डेटिंग करने की अफवाह उड़ी थी। उन्हें केदारनाथ में उनके साथ देखा गया था। अब, एक साल बाद अर्जुन ने डेटिंग अफवाहों पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'लोगों को जो लिखना है, वे लिखेंगे।'

**डेटिंग की अफवाह पर क्या बोले प्रताप बाजवा**

हाल ही में एक साक्षात्कार में अर्जुन ने चल रहीं अफवाहों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह उनका काम है, जबकि वह सिर्फ खुद पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'तो, लोगों को जो भी लिखना है, वे लिखेंगे। यह उनका काम है। वे अपना काम कर रहे हैं। मैं सिर्फ अपने आप पर और मुझे क्या करना है, इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं और यह वास्तव में मुझे परेशान नहीं करता है।' इस बीच सारा ने अभी तक डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

**कौन हैं प्रताप बाजवा**

प्रताप बाजवा पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और राजनीतिज्ञ फतेह सिंह बाजवा के बेटे हैं। वह सिंह इज ब्लिंग में सहायक थे और उन्होंने बैंड ऑफ महाराजा फिल्म में काम किया है। अभिनेता और मॉडल होने के अलावा, वह फिटनेस के भी शौकीन हैं। वह एक प्रशिक्षित एमएमए फाइटर हैं।

**सारा अली खान की फिल्म**

इस बीच सारा अली खान वीर पहाड़िया के साथ अपने पिछले रिलेशनशिप की अफवाहों के कारण चर्चा में हैं। दोनों ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म स्काई फोर्स में एक साथ काम किया था, जिसमें उन्होंने एक-दूसरे के पति-पत्नी का किरदार निभाया था। दर्शकों द्वारा उनकी शानदार केमिस्ट्री की तारीफ की जा रही है।

## 44 की उम्र में नहीं थमने का नाम ले रही श्वेता तिवारी की हॉटनेस, रिवीलिंग गाउन पहन कैमरे के सामने दिए किलर पोज

टीवी और बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी और बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने स्टनिंग अवतार से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर का रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर



लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। साथ ही हाथों में सिल्वर एसेसरीज पहनकर अपने इस लुक पर चार चांद लगा दिया है।श्वेता तिवारी हमेशा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। उनका हर एक स्टाइल फैंस के बीच आते ही ट्रेंड करने लगता है। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर लुक में गजब की बला नजर आती हैं।

## मानुषी छिल्लर को मां का पकाया राजमा चावल और खीर है पसंद

एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने हाल ही में अपनी सबसे पसंदीदा डिश का खुलासा किया, जिसे उनकी मां बड़े प्यार से पकाती हैं।पूर्व मिस वर्ल्ड ने अपने इंस्टाग्राम पर एक इंटरैक्टिव आस्क मी एनीथिंग सेशन आयोजित किया, जहां उन्होंने अपने पसंदीदा अभिनेताओं, स्किनकेयर रूटीन के बारे में जानकारी शेयर की और ये भी बताया कि उनकी मां उनके लिए क्या पकाती हैं।मानुषी ने बताया, उनका पकाया राजमा चावल और खीर मुझे पसंद है। ईमानदारी से कहूं तो उनकी हर चीज मुझे अच्छी लगती है।सम्राट पृथ्वीराज की एक्ट्रेस ने यह भी शेयर किया कि ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित उनकी पसंदीदा एक्ट्रेस हैं जो उन्हें प्रेरित करती हैं।अपनी स्किनकेयर रूटीन के बारे में मानुषी ने बताया, सुबह- हनी वॉश, सीरम, सनस्क्रीन। शाम- क्लींजिंग बाम, क्लींजर, सीरम, आई जेल और मॉइस्चराइज़र।एक प्रशंसक ने पूछा कि क्या उन्हें छात्र जीवन की याद आती है। इस पर मानुषी ने जवाब दिया, मैं अभी भी एक स्टूडेंट हूं, बस एक अलग फील्ड में हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी भी स्टूडेंट होना बंद कर सकती हूं; यह हमेशा मेरे लिए स्वाभाविक रूप से रहा है।

## सफेद या लाल प्याज में कौन-सा है ज्याद फायदेमंद, जानें दोनों में फर्क

प्याज हमारे दैनिक जीवन का बहुत उपयोगी चीज हैं. भारतीय घरों में प्याज का प्रयोग लगभग हर व्यंजन में किया जाता है. यह न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि सेहत को भी कई फायदे पहुंचाता है. खाने का स्वाद बढ़ाने में प्याज और तड़के में अहम भूमिका निभाती हैं. हमारे घरों में ज्यादातर लाल प्याज का इस्तेमाल होता है, लेकिन बाजार में लाल प्याज के अलावा सफेद प्याज भी नजर आते हैं. ऐसे में जब भी लोग बाजार आते हैं तो उन्हें पता चलता है कि ये दोनों एक जैसे हैं और इन्हें किसी भी तरह से किसी भी खाने में इस्तेमाल किया जा सकता है. लेकिन सच तो यह है कि लाल और सफेद प्याज के स्वाद, पोषण और उपयोग में बड़ा अंतर होता है. आज हम आपको बताएंगे सफेद प्याज और लाल प्याज के बीच अंतर क्या है...



### सफेद और लाल प्याज के बीच अंतर-

रंग और बनावट कैसा होता है

एक्सपर्ट के मुताबिक लाल प्याज गहरे लाल या बैंगनी रंग की परतों वाला होती है. इसका भीतरी भाग गुलाबी रंग का होता है. वहीं, सफेद प्याज का बाहरी हिस्सा सफेद रंग का होता है और इसका अंदरूनी हिस्सा भी पूरी तरह से सफेद होता है.

स्वाद में कैसा होता है

लाल प्याज का स्वाद थोड़ा तीखा होता है और मसालेदार होता है. इसका उपयोग सलाद और भारतीय भोजन में तड़के के रूप में सबसे अधिक किया जाता है. और सफेद प्याज में मीठा और हल्का स्वाद होता है, जिसको सूप, स्वादिष्ट और हल्के व्यंजनों के लिए बेहद खास माना जाता है.

### लाल प्याज के फायदे

लाल प्याज में क्वेरसेटिन नामक एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो शरीर में मुक्त कणों को कम करने में मदद करता है. यह हृदय संबंधी समस्याओं और कैंसर के खतरे को भी कम कर सकता है. खून को साफ करने और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है. लाल प्याज में पाया जाने वाला विटामिन सी और सल्फर इम्युनटी सिस्टम को मजबूत करता है.

### सफेद प्याज के फायदे

सफेद प्याज फाइबर से भरपूर पाया जाता है, जो आपके पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है. सफेद प्याज पेट की समस्याओं जैसे कब्ज और एसिडिटी को दूर करने में मदद करता है. साथ ही इसमें मौजूद कैल्शियम और फॉस्फोरस हड्डियों को मजबूत बनाने में काफी सहायता करते हैं. सफ़ेद रस त्वचा को चमकदार बनाने और बालों को सफ़ेद होने से रोकने में फायदेमंद है.

## सर्दियों के दौरान अपनी डाइट में शामिल करें मूली के पत्ते, मिलेंगे कई विटामिन और मिनरल्स

सर्दियों में हम अक्सर गर्म और पौष्टिक चीजें खाने की सोचते हैं। ऐसे में मूली के पत्ते एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं।मूली के पत्तों में कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो सर्दियों में शरीर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।आइए जानते हैं कि क्यों आपको अपनी सर्दियों की डाइट में मूली के पत्तों को जरूर शामिल करना चाहिए।



### इम्यूनिटी बढ़ाने में है सहायक

मूली के पत्ते विटामिन-सी का अच्छा स्रोत होते हैं, जो इम्यूनिटी को मजबूती देने में मदद कर सकता है।सर्दियों में ठंड और फ्लू जैसी बीमारियां आम होती हैं तो ऐसे में इम्यूनिटी बढ़ाना बहुत जरूरी होता है।मूली के पत्ते खाने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ सकती है, जिससे आप बीमारियों से बच सकते हैं।इसके अलावा इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं।

### हड्डियों को दे सकते हैं मजबूती

मूली के पत्तों में कैल्शियम और फास्फोरस जैसे खनिज भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी हैं।सर्दियों में हड्डियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है इसलिए इनकी देखभाल करना जरूरी है।मूली के पत्तों के सेवन से हड्डियां मजबूत बनी रहती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का खतरा भी कम हो जाता है।इसके अलावा ये पत्ते शरीर को आवश्यक पोषण भी प्रदान करते हैं, जिससे आपकी हड्डियां लंबे समय तक स्वस्थ रहती हैं।

### वजन घटाने में है मददगार

अगर आप वजन घटाने की सोच रहे हैं तो मूली के पत्ते आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं।इनमें कैलोरी कम होती है और फाइबर की मात्रा भरपूर होती है, जिससे पेट भरा हुआ महसूस होता है और भूख कम लगती है।इससे आप अनावश्यक खाने से बच सकते हैं और वजन नियंत्रित रख सकते हैं।मूली के पत्तों का सेवन आपको लंबे समय तक तृप्ति का अहसास कराता है, जिससे आप स्वस्थ तरीके से वजन घटा सकते हैं।

### त्वचा को निखारने में है कारगर

मूली के पत्तों का सेवन त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।

इनमें विटामिन-ए और विटामिन-सी होते हैं, जो त्वचा को निखारने और चमकदार बनाने में मदद कर सकते हैं। ये पोषक तत्व त्वचा की कोशिकाओं की मरम्मत करते हैं, जिससे चेहरा तरोताजा महसूस होता है।

इसके अलावा इनका सेवन करने से मुंहासे और दाग-धब्बे होने का खतरा भी कम हो जाता है, जिससे आपकी त्वचा साफ और स्वस्थ दिखती है।

### पेट संबंधी समस्याओं का है समाधान

सर्दियों में पेट संबंधी समस्याएं जैसे कब्ज और अपच बढ़ सकती हैं। मूली के पत्ते इसमें फायदेमंद होते हैं।इनमें मौजूद रेशेदार तत्व आंतों की गति को बढ़ाकर मल त्याग को आसान बनाते हैं, जिससे कब्ज जैसी समस्या दूर होती है।ये पत्ते पाचन क्रिया को सुधारते हैं और पेट की गैस या भारीपन से राहत दिलाते हैं। मूली के पत्तों का सेवन आपके पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने में मदद कर सकता है।

# गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल का अपर कलेक्टर एवं एएसपी ने किया निरीक्षण



सीहोर(निप्र )। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह सीहोर स्थित पुलिस परेड ग्रांउड पर प्रात: 09 बजे आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह एवं एडिशनल एसपी गीतेश गर्ग ने समारोह स्थल पहुंचकर समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने समारोह स्थल की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के साथ ही परेड की फाइनल रिर्हसल भी देखी और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर प्रवीण सिंह गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप ध्वजारोहण करेंगे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में अभी तक 42 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी

सीहोर (निप्र )। जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 42 हजार 514 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खातों में राशि अंतरित कर दी गई है। खरीदी गई धान का परिवहन किया जा चुका है। 23 जनवरी को समर्थन मूल्य पर खरीदी का अंतिम दिन था।

## 26 जनवरी को जिले में शुष्क दिवस घोषित

सीहोर (निप्र )। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रवीण सिंह ने 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीहोर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार 26 जनवरी 2025 को जिले की सभी 71 कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल-3 होटल बार, एफएल-3क रिसोर्ट बार, गोदाम एवं देशी मद्य भाण्डागार बंद रहेंगे।

## सीहोर जिले की आशा कार्यकर्ता को किया गया कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में आमंत्रित



सीहोर(निप्र )। सीहोर विकासखण्ड स्थित श्यामपुर के ग्राम हिंगोनी निवासी आशा कार्यकर्ता श्रीमती सीमा प्रजापति को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को कर्तव्य पथ नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि आशा कार्यकर्ता श्रीमती सीमा प्रजापति को प्रदेश की 50 उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं की ग्रेडिंग में चयनित किया गया है। यह ग्रेडिंग गर्भवती महिला का शीघ्र पंजीयन, उनकी अनिवार्य 04 जाँचें, एनीमिक महिलाओं का फालोअप, संस्थागत प्रसव, मां एवं शिशु की गृह आधारित देख-भाल, एसएनसीयू एवं कम वजन वाले शिशु का फालोअप, शिशु का 02 वर्ष का सम्पूर्ण टीकाकरण करने संबंधी कार्यों में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर दी गई है।

## भैरुंदा पुलिस द्वारा कांबिंग गस्त के दौरान 17 वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

### 07 स्थाई और 10 गिरफ्तारी वॉरंट तामील




भेरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर)। पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी अनुभाग भैरुंदा दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैरुंदा घनश्याम दांगी द्वारा वारंटियों की धरपकड़ एवं निगरानी एवं गुंडा बदमाश की चैकिंग हेतु कांबिंग गस्त करने हेतु विशेष टीमें गठित की गई थी। पुलिस टीमों को वारंटियों की धरपकड़, गुंडा एवं निगरानी बदमाश चैकिंग, जिलाबदर चैकिंग के लिए ब्रीफिंग पश्चात कॉम्बिंग गस्त हेतु अलग अलग क्षेत्र में रवाना किया गया । गस्त के दौरान भैरूंदा पुलिस टीमों द्वारा 07 स्थाई वारंट, 10 गिरफ्तारी वॉरंट के साथ ही निगरानी गुंडा बदमाश को चेक कर निम्नानुसार कार्यवाही की गई जिसमें स्थाई वारंट 7 गिरफ्तारी वारंट 10निगरानी बदमाश 5 गुंडा बदमाश 1 उपरोक्तानुसार वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी पूजा सिंह, उपनिरी राजेश यादव, उपनिरी राजकुमार यादव, सउनि सुंदर, प्रआर दिनेश जाट, प्रआर राजेंद्र, प्रआर महेन्द्र, आर दीपक, आर राजीव, आर आनंद, आर योगेश, आर कपिल, आर पुष्पेंद्र, आर. रीतेश, आर. शशांक की सराहनीय भूमिका रहीं।

# यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित, "सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा" का दिया संदेश



सीहोर (निप्र )। माय भारत, नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना श्री सत्य साईं कॉलेज एवं यातायात पुलिस द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय में यातायात जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय से भोपाल नाके तक नारे लगाते हुए रैली निकाली गई एवं नुक्कड़ नाटक द्वारा सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा का संदेश दिया गया। इसके साथ ही रोको-टोको अभियान चलाया गया। जिसमें हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने, वाहन पर मोबाइल, ईयरफोन, हेडफोन का उपयोग ने करने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी सुश्री पूजा शर्मा, यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़, राजेंद्र शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण, स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# महू में कार्यक्रम को लेकर भेरुंदा में बैठक सम्पन्न

## कांग्रेस ब्लाक अध्यक्षों ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने का आहवान



भेरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर)। 27 जनवरी को महू में आयोजित होने वाले जय बापू,जय भीम,जय संविधान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी भैरूदा,गोपालपुर,लाड़कुई की सामूहिक बैठक सोना पैलेस भेरूंदा में आयोजित की गई। बैठक में तीनों ब्लाक के अध्यक्षों ने कार्यकर्ताओं से 27 जनवरी को महू पहुंचने का आहवान किया है ज्ञातव्य है कि 27 जनवरी 2025 को मध्य प्रदेश के महू में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस की राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह,पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी,जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने ब्लाक अध्यक्षों को बैठक कर तैयारी के निर्देश दिए है।

बैठक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवीसिंह थारोल, अशोक भाटी,चन्दर मीना जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष शर्मा ने समस्त कार्यकर्ताओं से महू पहुंचने का आहवान किया है।

## गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का पल प्रतिपल कार्यक्रम

सीहोर (निप्र)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह सीहोर स्थित पुलिस परेड ग्रांउड पर प्रात: 09 बजे आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में कलेक्टर प्रवीण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह में प्रात: 8.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रात: 9.00 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, सलामी एवं राष्ट्रगान होगा। प्रात: 9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जायेगा। प्रात: 9.15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। प्रात: 9.30 बजे मुख्य अतिथि द्वारा गुब्बारे छोड़े जायेंगे। इसके पश्चात प्रात: 9.35 बजे हर्ष फायर होगा एवं राष्ट्रगान धुन बजायी जायेगी। प्रात: 9.40 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जायेगा। प्रात 9.50 बजे मुख्य अतिथि द्वारा प्लाटून कमांडरों से परिचय किया जायेगा। प्रात: 10.00 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया जायेगा। प्रात: 10.05 बजे मध्यप्रदेश गान होगा।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

सीहोर (निप्र )। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकार, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, यौन उत्पीड़न, गुड टच-बेड टच एवं आत्मरक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि घटना होने पर चुप रहने से अच्छा है कि अपने माता-पिता एवं परिजनों को बताकर उसका समाधान निकाला जाये। उन्होंने कहा कि हमारी चुप्पी ही अपराधी का मनोबल बढ़ाती है। बच्चों से माता-पिता को मित्रवत व्यवहार करना चाहिए जिससे बच्चें उनकी तकलीफों के बारे में खुलकर बता सकें।

## भेरुंदा के न्यू स्टेडियम में 6 दिवसीय आनंद उत्सव का शानदार हुआ समापन

### पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए नगर परिषद का आयोजन

भेरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर )मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर परिषद भेरूंदा के तत्वाधान में प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सहभागिता को बढ़ावा देने के तहत पारंपरिक खेलों को संरक्षण संवर्धन के लिए आनंद उत्सव का 6 दिनी आयोजन समापन भेरूंदा के स्टेडियम में प्रतिभागी विजेता बालक बालिकाओं को पुरस्कार शील्ड तथा सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा आनंद उत्सव का 6 दिनी आयोजन का शानदार समापन हो गया उल्लेखनीय है कि आनंद उत्सव में पारंपरिक खेलों को और अधिक बढ़ावा देने के कार्यक्रम में नगर के विद्यालय से अध्यनरत बालक बालिकाओं ने कबड्डी रस्सा कशी कुर्सी दौड़ चम्मच दौड़ नींबू दौड़ खो-खो जैसे खेल का आयोजन किया गया इसमें बालक बालिकाओं ने पूरे उत्साह एवं जोश के साथ हिस्सा लिया वही क्रिकेट फाइनल मैच में प्रथम स्थान पर खेल परिसर की टीम विजेता रही तथा द्वितीय स्थान पर जनपद पंचायत की टीम रही

प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे प्रतिभागी टीमों को शील्ड एवं पुरस्कार दिया गया आनंद उत्सव के पारंपरिक खेलों में बालक बालिकाओं में इसे लेकर अच्छा खासा उत्साह देखा गया सभी खेल प्रेमी प्रतिभागीयो ने जोश उत्साह का प्रदर्शन किया। आनंद उत्सव के समापन समारोह में एसडीएम रघुवंशी नगर परिषद के अध्यक्ष मारुति शिशिर ने पुरस्कार वितरित किए तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया

## वीआईटी विश्वविद्यालय रासेयो वार्षिक शिविर का हुआ शुभारंभ




सीहोर(निप्र ) । रासेयो वार्षिक शिविर 2025 का शुभारंभ शुक्रवार वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सेंथिल कुमार अरुमुगम द्वारा वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय रासेयो दल को हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह शिविर इस वर्ष आष्टा तहसील के ग्राम ज़ाफराबाद में दिनांक 24 से 30 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवक दल ने शिविर स्थल पर पहुंचकर पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनी गतिविधियों की शुरुआत कपहले दिन की शुरुआत चर्चा सत्र से हुई, जिसमें सभी स्वयंसेवकों के लिए कार्यों का वितरण किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न समूहो का गठन किया गया ताकि पूरे सप्ताह की शिविर की गतिविधियाँ सुचारु रूप संचालित हो सके। समूहो को ग्राम विकास, सामुदायिक सेवा, और सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई।

प्रथम दिवस की प्रमुख गतिविधि के रूप में स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामवासियों मे स्वच्छता और उसके महत्व के प्रति जागरूक करना और शिविर स्थल को साफ-सुथरा रखना था। इस दौरान स्वयंसेवकों ने न केवल श्रमदान किया, बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने के सरल और प्रभावी उपायों के बारे में भी बताया।

### गूंजेंगे वतन के तराने,गीतों में दिखेगा देशभक्ति का जज्बा आयोजित होगा देश भक्ति गीतों एवं नृत्य का कार्यक्रम

सीहोर (निप्र)। शहर में पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से आयोजित होता आ रहा देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम एक शाम देश के नाम इस बार 27 जनवरी 2025 सोमवार को शाम 05 बजे स्थानीय होटल ब्लू स्टार भोपाल नाका सीहोर पर आयोजित किया जाएगा। आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप नागिया, अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि आयोजन में देशभक्ति के तराने गूंजेंगे और स्कूली बच्चों द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें से पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाली टीमों को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

# शिव महापुराण में आज मनाया जाएगा भगवान गणेश का जन्मोत्सव

## माता पार्वती ने शिवजी को पाने के लिए कठिन तप और त्याग किया

सीहोर (निप्र)। शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रवाल महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के संयुक्त तत्वाधान में जारी पांच दिवसीय शिव महापुराण के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देव-ऋषि की वाणी झूठ नहीं होती है। पार्वती



राजा हिमालय के घर पैदा हुई। जन्म के समय ही महर्षि नारद ने भविष्यवाणी की थी कि इसकी शादी महादेव से होगी, लेकिन इसके लिए कठिन तप की जरूरत है। कथा का सार बताते हुए उन्होंने कहा कि माता पार्वती ने शिवजी को पाने के लिए कठिन तप और त्याग किया। इसी तरह हमारी भारतीय संस्कृति में औरत को त्याग और समर्पण की भावना रखनी चाहिए। हमारा कर्तव्य बस इतना है कि हम अपनी श्रद्धा भगवान शिव को समर्पित करें। अपनी पूजा में भगवान शिव से वैभव, धन समृद्धि, गाड़ी, बंगला के बजाय भगवान का साथ मांगिये जब बाबा आपके साथ होंगे तो सारी चीजें आपको प्राप्त हो जाएगी। माता पिता गुरु कभी भेद नहीं करते भेद की दृष्टि हमारे मन की उपज है। पांच दिवसीय कथा में श्रद्धालुओं आ रहे है और मंत्रमुग्ध होकर सुन रहे श्रद्धालुओं को शिव पुराण में वर्णित प्रसिद्ध शिव भक्तों के जीवन चरित्र, भक्ति के संबंध में कथा का वाचन किया। शिव पुराण की कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है।

# सीहोर बाइज ने सीहोर क्लब को 3-1 से हराया



सीहोर (निप्र) । शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार को एक मैच खेला गया था। जिसमें सीहोर बाइज ने सीहोर क्लब को 3-1 से हराया। वहीं तीन दिवसीय खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर का प्रशिक्षण शिविर का तीन दिवसीय शुभारंभ किया गया। जिसमें एक दर्जन से अधिक बालिकाओं शामिल हुई। टीम आगामी 27 को महू के लिए रवाना होगी। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, आनंद उपाध्याय, विपिन पवार आदि शामिल थे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को एक मात्र मुकाबला खेला गया। यहां पर ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आठ टीम शामिल है। इसके अंतर्गत शाम को सीहोर बाइज ने सीहोर क्लब को 3-1 से हराया। इसमें सीहोर बाइज की ओर से शिवांग ने 2 गोल और यश ने एक गोल किया। वहीं सीहोर क्लब की और से एक मात्र गोल माया गौर ने किया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को दी गई कानूनी जानकारी



सीहोर(निप्र) । राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सीहोर स्थित शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं का सम्मान कार्यक्रम एवं बालिकाओं की सुरक्षा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिगं प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। महिला बाल विकास विभाग के परामर्शदाता सुरेश पंचाल ने बताया कि इस अवसर पर बालिकाओं को शासन की योजनाओं एवं अधिनियमों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बालिका शिक्षा एवं लिंगानुपात बढ़ाने के लिए संचालित लाडली लक्ष्मी योजना एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बालिकाओं को बाल विवाह से बचाव के लिए भी जागरूक किया गया।

## *निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित*

*सीहोर (निप्र) । जिला आयुष विभाग द्वारा जिले के ग्राम पंचायत धनखेडी, ग्राम देवली के आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं ग्राम सेमली जदीद के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बीमारियों से ग्रसित 112 रोगियों का आयुष पद्धति से उपचार किया गया एवं औषधियां दी गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि शिविर के साथ ही कार्यशालाएं आयोजित कर कुल 418 अश्वगंधा के पौधों का निशुल्क वितरण किया गया तथा नागरिकों को अवशगंधा से लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।*

## दिव्यांग शिक्षा और विवाह प्रोत्साहन योजना प्रकरणों का तेजी से निराकरण के निर्देश

सीहोर(निप्र)। दिव्यांगजन कल्याण के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्परता से किया जाए। इस आशय के निर्देश प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण ने जिलाधिकारियों को दिये है। प्रमुख सचिव ने कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार की दोनों महत्वाकांक्षी का योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ठंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के प्रकरणों के तेजी से निराकरण के लिये दो लाख रूपये तक की राशि स्वीकृत करने के अधिकार जिला कलेक्टर को दिए हैं।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com